वर्ष : 17 ❖ अंक : 222 ❖ पृष्ठ : 08 ❖ मूल्य : ₹ 3.00 ❖ आरएनआई सं. SIKHIN/2006/17890 ❖ www.anugamini.com

सिक्किम से प्रकाशित प्रथम हिन्दी दैनिक

# अनुगामिनी

गंगटोक
मंगलवार, 21 मार्च 2023

बंगाल भारत का मार्गदर्शन करेगा : ममता बनर्जी 3 | कर्नाटक में कांग्रेस करेगा बीजेपी का सूपड़ा साफ : राहुल गांधी 8

## जैविक खेती के लिए विशेष पैकेज आवंटित करें : मंत्री लोकनाथ शर्मा



### डोनर मंत्री जी किशन रेड्डी ने की अंतर मंत्रालय टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता

**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 20 मार्च । राज्य के कृषि, बागवानी व पशुपालन मंत्री ने लोकनाथ शर्मा ने आज स्थानीय ताशीलिंग सचिवालय में केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी किशन रेड्डी की अध्यक्षता में आयोजित हुए कृषि पर अंतर मंत्रालय टास्क फोर्स की सिफारिश के कार्यान्वयन पर एक वीडियो कांफ्रेंस में भाग लिया। इसमें कृषि सचिव जिग्मी भूटिया, बागवानी सचिव सदन तमांग और विभागीय वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

इस दौरान मंत्री शर्मा ने सिक्किम में कृषि परिदृश्य के अवलोकन पर प्रकाश डालते हुए यहां की जैविक खेती के लिए विशेष पैकेज आवंटित करने की मांग की। इस संदर्भ में उन्होंने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य में केसर की खेती के सफल परीक्षण से डोनर मंत्रालय को अवगत कराया और सिक्किम में केसर मिशन के लिए भी विशेष पैकेज आवंटित करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने गैर मौसमी उच्च मूल्य वाले फसलों के उत्पादन हेतु पर्यावरण अनुकूल खेती पद्धति को बढ़ावा देने के लिए खेतों में बांस के ग्रीन हाउस बनाने की एनईसी की परियोजना को मंजूरी देने की भी मांग की।

इसके अलावा, उन्होंने राज्य के दो नये जिलों-सोरेंग और पाकिम- में कृषि विज्ञान केंद्र और कृषि संबंधी सभी बुनियादी ढांचे की स्थापना का भी आग्रह करते हुए राज्य की कठिन भौगोलिक चुनौतियों को देखते हुए कृषि उपज की मार्केटिंग एवं आसान पहुंच हेतु अच्छी सड़कों और फुटपाथ कनेक्टिविटी पर जोर दिया। वहीं उन्होंने कृषि क्षेत्र के लिए अवसंरचना, भंडारण केंद्र और प्रयोगशाला की आवश्यकता पर भी बात की।

अपने वक्तव्य में मंत्री शर्मा ने खाद्य पाम तेल के लिए फंड आवंटित करने के बदले कीवी फल के लिए पैकेज पर विचार करने का सुझाव भी दिया। वहीं उन्होंने शोध व विश्लेषण को बढ़ावा देने की दिशा में राज्य में आईसीएआर को मजबूत करने की भी सलाह दी।

उन्होंने वन्य जीवों के हस्तक्षेप के मुद्दों की भी जानकारी दी और इसे कम करने के उपायों पर कदम उठाने को कहा। इसके जवाब में डोनर मंत्री ने विभिन्न आयामों में सिक्किम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए अपने मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत किये गये प्रस्तावों पर विचार करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने राज्य आईसीएआर को मजबूत करने की शर्मा की सलाह का स्वागत किया।

## पंचायती राज खत्म कर बीडीओ चला रहे हैं शासन : हेमराज अधिकारी

**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 20 मार्च । सिटीजन एक्शन पार्टी सिक्किम ने आज अपनी 54 दिनों से चली आ रही राज्यव्यापी यात्रा के समापन पर आमलोगों एवं पार्टी सदस्यों व कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। पार्टी का दावा है कि इस यात्रा के दौरान राज्य में अब तक के कुशासन एवं प्रताड़ना से पीड़ित जनता का उन्हें भरपूर समर्थन मिला है और वे आमलोगों खास कर युवाओं में अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहे हैं। इसके साथ ही पार्टी ने स्वयं को प्रमुख विपक्षी पार्टी बताते हुए भविष्य की रणनीतियों को लेकर कई अहम घोषणाएं भी की हैं।

सीएपीएस के प्रवक्ता हेमराज अधिकारी ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा कि पाषाण युग में चली गई सिक्किम की वर्तमान राजनीतिक स्थिति में व्यापक सुधार के उद्देश्य से स्थापित हमारी पार्टी ने 54 दिनों की यात्रा पूरी कर एक मजबूत विपक्षी पार्टी का रूप ले लिया है। सिटीजन एक्शन पार्टी के प्रति सिक्किम के युवाओं के बढ़ते आकर्षण से यह तय है कि अब राज्य की दुर्दशा को समाप्त करने हेतु आम जनता अदम्य साहस और उत्साह के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने दावा किया कि पूरी जनता की पहल और सक्रियता पर बनी हमारी पार्टी सीएपीएस अन्य पार्टियों से अलग है और हम सिक्किम में व्यापक सुधार करेंगे।



अधिकारी ने आगे कहा कि सीएपीएस ने आगामी रणनीति के तहत कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। इसके तहत उन्होंने बताया कि राज्य में सिटीजन एक्शन पार्टी की सरकार बनने पर सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन प्रणाली जीपीएफ को लागू किया जाएगा। वहीं स्थानीय प्रशासन की मजबूती हेतु पंचायती राज को पूरी तरह से शक्तिशाली बनाया जाएगा और प्रत्येक ग्राम एवं नगर पंचायतों में आर्थिक गतिविधियों को सक्षम करने हेतु जल्द से जल्द आर्थिक सलाहकार नियुक्त किए जाएंगे।

उन्होंने कहा, वर्तमान में पंचायती राज को कमजोर करने के लिए इसकी शक्ति को समाप्त कर बीडीओ राज चल रहा है। हमारी सरकार इस व्यवस्था को खत्म कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव रखेगी। इसके तहत ग्राम पंचायत में ग्रामीण कैबिनेट, जिला पंचायत में जिला कैबिनेट और नगर पंचायतों की नगर कैबिनेट बना कर सही अर्थों में पंचायती राज को मजबूत कर लोकतंत्र को संस्थागत किया जाएगा।

सीएपीएस प्रवक्ता ने आगे बताया कि उनकी घोषणाओं में कई इलाकों में नागरिकों की अधिग्रहीत भूमि उन्हें वापस करना, कुछ योजनाओं के लिए अधिग्रहित की गई जमीन पर भूमिदाता को सालाना रायल्टी देना, राजनीतिक प्रतिशोध के कारण बर्खास्त किए गए सरकारी कर्मचारियों को उनके पदों पर पुनर्बहाल करना आदि शामिल है। इसके अलावा, सिटीजन एक्शन पार्टी की सरकार बनने पर पंचायत और पुलिस को सर्वशक्तिशाली बनाने की भी बात कही गई है।

अधिकारी के अनुसार, वर्तमान में पुलिसकर्मियों पर सत्तारूढ़ पार्टी के डब्ल्यूएलसी, वीएलसी और सीएलसी की तानाशाही चल रही है, जो लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। अगर पुलिस मजबूत होगी तो राज्य का विकास मजबूत होगा।

## किसानों के बीच विद्युतचालित हल वितरित

**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 20 मार्च । राज्य के समाज कल्याण सचिव की अध्यक्षता में पिछले दिनों यहां लुम्से स्थित विभागीय कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में गंगटोक और पाकिम जिलों के 14 अनुसूचित जाति के किसानों में विद्युत चालित हल वितरित किए गए।

इस अवसर पर समाज कल्याण सचिव एबी कार्की ने बताया कि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत ही इनके आर्थिक विकास हेतु इन विद्युत चालित हलों का वितरण किया गया है।

उन्होंने किसानों से जैविक खेती को अपनाते हुए अपने खेतों में इन विद्युत चालित हलों का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि होगी बल्कि राज्य और देश की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।



इस दौरान, किसानों को इन हलों के संचालन के बारे में प्रशिक्षण भी दिया गया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त विभागीय सचिव किशोर प्रधान, उपसचिव श्रीमती चम्पा शर्मा, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी अरूण छेत्री एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## हेलमेट रैली के बाद एसकेएम पार्टी के 30 परिवार एसडीएफ में शामिल

**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 20 मार्च । कल एसकेएम पार्टी के 30 परिवार एसडीएफ अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री पवन चामलिंग की उपस्थिति में एसडीएफ पार्टी शामिल हो गए। एसडीएफ के इंदिरा बाईपास स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में ये लोग एसडीएफ पार्टी में शामलि हुए। यह जानकारी एसडीएफ ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

इस अवसर पर एसकेएम के पूर्व सदस्यों ने जोर देकर कहा कि वे 17 मार्च 2023 को हाल ही में सिक्किम बचाओ अभियान के दौरान एसकेएम पार्टी के व्यवहार से नाखुश थे और यही एक कारण है कि उन्होंने एसडीएफ में शामिल होने का फैसला किया। हाल ही में हेलमेट रैली के साथ-साथ एसडीएफ के सभी कार्यक्रमों के दौरान, एसकेएम पार्टी के सदस्यों ने निश्चित रूप से और अलोकतांत्रिक तरीके से अशांति पैदा की है। एसडीएफ में शामिल होने वाले सदस्यों ने उल्लेख किया कि 17 तारीख को मुट्ठी भर एसकेएम पार्टी कार्यकर्ताओं के अलोकतांत्रिक व्यवहार से यांगगांग के लोगों में बहुत असंतोष है।

साथ ही, उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि एसकेएम अपने चुनाव पूर्व के किसी भी वादे को पूरा नहीं कर पाई है जिससे एसकेएम एक



विफल पार्टी साबित हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाथिंग भूस्खलन के पीड़ित भी एसकेएम सरकार के सौतेले व्यवहार से असंतुष्ट हैं। उनका कहना था कि भू-स्खलन पीड़ितों को जो जमीन का आवंटन किया गया है वह एसडीएफ सरकार के दौरान आवंटित किया गया था। चूंकि तब भी भूस्खलन हो रहा था, एसडीएफ सरकार द्वारा किसान बाजार क्षेत्र, यांगगांग में जमीन खरीदी गई थी। एसकेएम सरकार ने एसडीएफ सरकार द्वारा दिए गए आवंटन को बांट दिया।

## पवन चामलिंग बौद्धिक रूप से दिवालिया हो गए हैं : सीपी शर्मा

**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 20 मार्च । एसकेएम के मुख्य प्रवक्ता तथा मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार सीपी शर्मा ने एसडीएफ की हेलमेट राजनीति को लेकर उसकी जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि एसडीएफ की हेलमेट राजनीति ने सिक्किम को पूरे विश्व में बेइज्जत की है।

सीपी शर्मा ने कहा कि भारत,चीन, फ्रान्स, इंडोनेशिया, जापान, कनाडा, अर्जेन्टिना, मैक्सिको, इटली, सउदी अरब, दक्षिण अफ्रिका, टर्की, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, संयुक्त राज्य अमेरिका, अस्ट्रेलिया, ब्राजील, युरोपीय संघ, यूनाइटेड किन्डम और रूस जैसे विश्व के 20 संभ्रांत देशों के समूह (जी20) ने इस बार भारत की अध्यक्षता करने की जिम्मेवारी दी है तथा भारत ने इसे सहर्ष स्वीकार किया है जिसके लिए हम भारतीयों को गर्व करना चाहिए। इसमें बी20 एवं एस20 जैसे विशेष सम्मेलन करने का अवसर सिक्किम को मिला है जो सिक्किम वासियों के लिए सम्मान, गर्व, सौभाग्य का विषय है और सिक्किम का परिचय विशाल देशों के समक्ष हुआ है। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार के साथ सुमधुर संबंध के कारण संभव हुआ है। अन्यथा इस विशाल सम्मेलन के आयोजन का अवसर सिक्किम को प्राप्त नहीं होता।

उन्होंने कहा कि लेकिन राज्य में 25 वर्ष तक शासन करने वाले मुख्यमन्त्री पवन चामलिंग ने इस अवसर को सिक्किम को बदनाम करने के रूप में लिया और हेलमेट रैली को लेकर नाटक किया। जब मुख्यमंत्री इस विशाल आयोजन में व्यस्त थे तो वे सिक्किम को बदनाम करने में लगे थे। एक तरफ सरकार सिक्किम के लिए निवेश के अवसर तलाश रही थी तो दूसरी ओर पवन



चामलिंग हेलमेट की राजनीति कर सिक्किम को लज्जित करने पर तुले रहे। इतने सालों तक सिक्किम की सत्ता में रहने वाले नेता के लिए इस सम्मेलन के दौरान ऐसा करना उचित नहीं ( शेष पृष्ठ ०३ पर )



# कर्नाटक में कक्षा 5, 8 की बोर्ड परीक्षाओं पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



नई दिल्ली, 20 मार्च (एजेन्सी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कर्नाटक हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें सरकार को कर्नाटक राज्य बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में कक्षा 5 और 8 के छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा आयोजित करने की अनुमति दी गई थी।

गैर-सहायता प्राप्त निजी स्कूलों के संघों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया और तत्काल सुनवाई की मांग की।

पीठ ने कहा कि वह उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप नहीं करना चाहेगी, और उच्च न्यायालय जानता है कि राज्य में अच्छा क्या है। वकील ने तर्क दिया कि परीक्षाएं 27 मार्च से शुरू होने वाली हैं, और मामले को पहले की तारीख में लिया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह नहीं चाहती कि कोई अनिश्चितता बनी रहे।

दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ 27 मार्च को याचिका की जांच करने पर सहमत हुई। उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने 15 मार्च को इस महीने की शुरूआत में पारित एकल न्यायाधीश की पीठ के आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें सरकारी परिपत्रों को इस आधार पर रद्द कर दिया गया था कि वह बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत प्रक्रिया के उल्लंघन में जारी किए गए थे।

12 दिसंबर 2022, 13 दिसंबर 2022 और 4 जनवरी 2023 को जारी किए गए सरकारी परिपत्रों पर गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों, पंजीकृत गैर-सहायता प्राप्त निजी स्कूलों के प्रबंधन और कर्नाटक के गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रबंधन संघ द्वारा सवाल उठाया गया है। यह तर्क दिया गया कि स्कूल स्तर के मूल्यांकन के बजाय राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षा आयोजित कर मूल्यांकन पद्धति को बदलने से छात्रों और शिक्षकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

उच्च न्यायालय ने पिछले हफ्ते, राज्य सरकार को कक्षा 5 और 8 के लिए बोर्ड परीक्षाओं के समान मूल्यांकन की नई पद्धति के साथ आगे बढ़ने और 27 मार्च से परीक्षाओं को पुनर्निर्धारित करने की अनुमति दी थी।

# सिसोदिया की 3 अप्रैल तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

राजेश अलख

नई दिल्ली, 20 मार्च। दिल्ली आबकारी नीति केस में राजधानी की एक अदालत ने सोमवार को सीबीआई वाले मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत तीन अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है।

अदालत ने 17 मार्च को इसी मामले में सिसोदिया को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत 22 मार्च तक बढ़ा दी थी। सीबीआई द्वारा सिसोदिया को 26 फरवरी को गिरफ्तार किए जाने के बाद ईडी ने भी उन्हें इसी मामले में नौ मार्च को गिरफ्तार किया था।

राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने छह मार्च को सिसोदिया को सीबीआई मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जिसकी अवधि सोमवार को समाप्त हो गई। वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

अदालत मंगलवार को सिसोदिया की जमानत अर्जी पर भी सुनवाई करेगी, इसी मामले में सीबीआई जांच कर रही है। ईडी मामले में पिछली सुनवाई के दौरान ईडी द्वारा अदालत को अवगत कराया गया था कि सिसोदिया की हिरासत के दौरान अहम जानकारियां सामने आई हैं और उन्हें अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ आमना-सामना कराना पड़ा था।

जांच एजेंसी ने अदालत को सूचित किया था कि सिसोदिया के ईमेल और मोबाइल आदि से भारी मात्रा में डेटा का भी फोरेंसिक विश्लेषण किया जा रहा है। सिसोदिया के वकील ने केंद्रीय एजेंसी की रिमांड याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि अपराध की आय के बारे में एजेंसी की ओर से कोई कानाफूसी नहीं है, जो मामले के लिए मौलिक है।

उनके वकील ने आगे तर्क दिया था कि हिरासत को बढ़ाने की मांग करने का कोई औचित्य नहीं है और सिसोदिया को सात दिनों की उनकी पिछली हिरासत के दौरान केवल चार लोगों के साथ आमना-सामना कराया गया था। ईडी ने कहा था कि उन्हें कार्यप्रणाली, पूरे घोटाले का पता लगाने और कुछ अन्य लोगों के साथ सिसोदिया का सामना करने की जरूरत है।

ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने दावा किया कि सिसोदिया मनी लॉन्ड्रिंग नेक्सस का हिस्सा थे। हुसैन ने प्रस्तुत किया था कि नीति यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई थी कि कुछ निजी संस्थाओं को भारी लाभ मिले और दिल्ली में 30 प्रतिशत शराब कारोबार संचालित करने के लिए सबसे बड़े कार्टेलों में से एक बनाया गया था।

हुसैन ने प्रस्तुत किया था कि नीति यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई थी कि कुछ निजी संस्थाओं को भारी लाभ मिले और



दिल्ली में 30 प्रतिशत शराब कारोबार संचालित करने के लिए सबसे बड़े कार्टेलों में से एक बनाया गया था।

रेस्तरां संघ और सिसोदिया के बीच हुई बैठकों का हवाला देते हुए ईडी ने आरोप लगाया था कि शराब पीने और अन्य चीजों की कानूनी उम्र को कम करने जैसी आबकारी नीति में रेस्तरां को छूट दी गई थी। केंद्रीय एजेंसी ने तर्क दिया था कि सिसोदिया ने सबूत नष्ट कर दिए थे।

एजेंसी ने दावा किया था कि एक साल के भीतर उन्होंने 14 फोन नष्ट किए या बदले। ईडी के वकील ने प्रस्तुत किया था, सिसोदिया ने दूसरों के द्वारा खरीदे गए फोन और सिम कार्ड का इस्तेमाल किया है ताकि वह इसे बाद में बचाव के रूप में इस्तेमाल कर सकें। यहां तक कि उनके द्वारा इस्तेमाल किया गया फोन भी उनके नाम पर नहीं है।

ईडी ने आरोप लगाया था कि सिसोदिया शुरू से ही टालमटोल करते रहे हैं। आबकारी नीति बनाने के पीछे साजिश थी। ईडी ने अदालत में तर्क दिया था कि साजिश को विजय नायर ने अन्य लोगों के साथ मिलकर समन्वित किया था और आबकारी नीति थोक विक्रेताओं के लिए असाधारण लाभ मार्जिन के लिए लाई गई थी।

# अमृतपाल अब भी फरार, उसके चार साथियों पर लगा एनएसए



चंडीगढ़, 20 मार्च (एजेन्सी)। पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक सुखचैन सिंह गिल ने सोमवार को कहा कि खालिस्तान विचारक और 'वारिस पंजाब दे' प्रमुख अमृतपाल सिंह अभी भी फरार है, जबकि 18 मार्च को कार्रवाई के सिलसिले में अब तक 114 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

एक बड़े घटनाक्रम में अमृतपाल सिंह के चार सहयोगियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया है। अमृतपाल सिंह के चाचा हरजीत सिंह, जिन्हें सोमवार तड़के गिरफ्तार किया गया था, पर भी कड़े कानून के तहत मामला दर्ज किए जाने की संभावना है।

जबकि अमृतपाल सिंह के चार सहयोगियों दलजीत सिंह कलसी, भगवंत सिंह, गुरमीत सिंह और प्रधानमंत्री बाजेका को असम की डिब्रूगढ़ जेल में रखा गया है, उनके चाचा को भी वहां ले जाया जा रहा है। मीडिया को संबोधित करते हुए गिल ने स्पष्ट किया कि अमृतपाल सिंह लगातार फरार है और उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है।

हालांकि, उन्होंने अमृतपाल सिंह पर रासुका लगाने से इनकार नहीं किया, जिनके खिलाफ पुलिस ने छह मामले दर्ज किए थे। कट्टरपंथी नेता की मर्सिडीज सहित कुल 10 हथियार और चार वाहन जब्त किए गए हैं। पंजाब पुलिस को 'वारिस पंजाब दे' के लिए आईएसआई और विदेशी फंडिंग की संलिप्तता का संदेह है, जिसकी जांच की जा रही है।

आईजी ने कहा, हमें विदेशी फंडिंग के अलावा पाकिस्तान की आईएसआई की संलिप्तता का संदेह है। आरोपी हवाला चैनलों का भी इस्तेमाल कर रहे थे। हमारे पास सबूत हैं कि आरोपी अमृतपाल के करीबी सहयोगियों की 'आनंदपुर खालसा फौज' (एकेएफ) बना रहे थे। अमृतपाल सिंह और उसके साथियों के खिलाफ दर्ज छह प्राथमिकियों में अवैध हथियार रखने के अलावा पुलिस के काम में बाधा डालना और पुलिस पर हमला करना शामिल है।

आईजी ने कहा कि पुलिस को अमृतपाल सिंह द्वारा इस्तेमाल किए गए वाहनों में से एक वॉकी-टॉकी भी मिला है। इसके अलावा बुलेटप्रूफ जैकेट और राइफलें बरामद हुई हैं। अमृतपाल सिंह के घर के गेट पर एकेएफ लिखा हुआ था।

गिल ने स्पष्ट किया कि पंजाब में स्थिति पूरी तरह सामान्य है और तलाशी अभियान जारी है।

# किसानों का ऐलान- 20 दिन बाद करेंगे बड़ा आंदोलन



नई दिल्ली, 20 मार्च (एजेन्सी)। संयुक्त किसान मोर्चा ने सोमवार के दिल्ली के रामलीला मैदान में महापंचायत की। किसानों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग को लेकर किसान एक भी सड़कों पर आने की तैयारी कर रहे हैं।

किसानों ने ऐलान किया है कि 20 दिन बाद दिल्ली में एक बड़ा आंदोलन करेंगे। किसान नेताओं ने कहा बिना आंदोलन के सरकार एमएसपी नहीं देगी।

गौरतलब है कि किसानों के आंदोलन के चलते दिल्ली पुलिस ने रामलीला मैदान में 2,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया है। रामलीला मैदान में जारी महापंचायत से पहले किसानों का प्रतिनिधिमंडल कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मुलाकात के लिए कृषि भवन पहुंचा। इसमें दर्शन पाल, जोगिंदर सिंह उगराहां, युद्धवीर सिंह सहित दूसरे नेता शामिल हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्री के साथ किसानों की एक बैठक 5 प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई।

1. एमएसपी गारंटी कानून
2. शहीद किसानों के परिवारों को लंबित मुआवजा
3. किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गए
4. अजय मिश्रा टेनी को हटाया जाए
5. विद्युत संशोधन विधेयक

इस बैठक के बाद बाद किसान नेता डॉ. दर्शन पाल ने कहा, ये सरकार आंदोलन के बिना हमें एमएसपी नहीं देगी। अगर हमारी बात नहीं मानी गई तो आने वाले 20-21 दिनों में बड़ा आंदोलन करेंगे।

वहीं किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि हमने एमएसपी कमेटी की मांग नहीं की, 'हमने एमएसपी गारंटी कानून की मांग की है। आपसी सहमति से मसले को सुलझाना चाहिए। संयुक्त किसान मोर्चा देश भर में पंचायतों का आयोजन करता है। हमने कभी एमएसपी पर कमेटी की मांग नहीं की। हमने एमएसपी गारंटी कानून की मांग की है। उन्हें संसद में बिल पेश करना चाहिए और इसे पास करना चाहिए।'

गौरतलब है कि मोर्चा ने अब वापस लिये जा चुके केंद्र सरकार के कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर एक साल से अधिक समय तक आंदोलन का नेतृत्व किया था।

किसानों की मांगों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी, किसानों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेना, विरोध के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा, पेंशन, कर्जमाफी और बिजली बिल माफ किया जाना शामिल है।

इस बीच, किसान महापंचायत के मद्देनजर यहां सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। दिल्ली पुलिस ने 2,000 से अधिक सुरक्षा कर्मियों को आयोजन स्थल पर तैनात किया है।

पुलिस ने रविवार को कहा था कि कार्यक्रम सुचारू ढंग से हो, यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि भीड़ के प्रबंधन के लिए पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी अनधिकृत व्यक्ति आयोजन स्थल में प्रवेश नहीं करे तथा कानून व्यवस्था का पालन हो।

यातायात पुलिस अधिकारी ने कहा कि आम लोगों और मोटर वाहन चालकों को सलाह दी गई है कि वे रामलीला मैदान के आस-पास के मार्ग, विशेषकर अजमेरी गेट चौक होते हुए दिल्ली गेट से जेएलएन मार्ग पर यात्रा करने से बचें।

किसान यूनियन के साझा मंच संयुक्त किसान मोर्चा ने रविवार को जारी एक बयान में कहा, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर वैधानिक गारंटी को लेकर दबाव बनाने के उद्देश्य से किसान महापंचायत आयोजित की जा रही है।

बयान में कहा गया है कि विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से लाखों किसान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिल्ली आ रहे हैं।

# मास्को ने पुतिन के वारंट को लेकर आईसीसी के खिलाफ आपराधिक मामला खोला

मॉस्को, 20 मार्च (एजेन्सी)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के अभियोजक और न्यायाधीश आपराधिक मामले का निशाना बन गए हैं, रूस की जांच समिति ने सोमवार को इसकी घोषणा की।

आरटी ने बताया- एक टेलीग्राम पोस्ट में, समिति ने कहा कि उसने कउठ के अभियोजक करीम अहमद खान के साथ-साथ न्यायाधीशों टोमोको अकाने, रोसारियो सल्वाटोर ऐताला और सर्जियो गेराडरे उगलदे गोडिनेज के खिलाफ मामले खोले हैं।

खान ने 22 फरवरी को आईसीसी प्री-ट्रायल चैंबर को एक याचिका भेजी थी जिसमें पुतिन और रूस की बाल अधिकार आयुक्त मारिया लावोवा-बेलोवा की गिरफ्तारी के लिए वारंट प्राप्त करने के लिए कहा गया था, जिस पर उन्होंने यूक्रेन से बच्चों के अवैध निर्वासन के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया था।

आरटी ने बताया- याचिका को उपरोक्त न्यायाधीशों द्वारा अनुमोदित किया गया था। रूस की जांच समिति ने आईसीसी के मुकदमों को स्पष्ट रूप से अवैध, क्योंकि आपराधिक दायित्व के लिए कोई आधार नहीं है के रूप में वर्णित किया है। इसने 1973 के यूएन प्रोटेक्शन ऑफ डिप्लोमैट्स कन्वेंशन की ओर भी इशारा किया, जो राज्यों के प्रमुखों को विदेशी देशों के अधिकार क्षेत्र से पूर्ण प्रतिरक्षा प्रदान करता है।

समिति खान के कार्यों को रूसी कानून के तहत जानबूझकर एक निर्दोष व्यक्ति को आपराधिक दायित्व में लाने के लिए, व्यक्ति पर गंभीर या विशेष रूप से गंभीर अपराध करने का अवैध रूप से आरोप लगाने के लिए अपराध मानती है। आरटी ने बताया कि उन पर अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को जटिल बनाने के इरादे से विदेशी राज्य के प्रतिनिधि पर हमले की तैयारी करने का भी आरोप है।

तीन न्यायाधीशों पर विदेशी राज्य के प्रतिनिधि पर हमला करने के साथ-साथ जानबूझकर अवैध हिरासत का प्रयास करने का आरोप लगाया जा रहा है। पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने सुझाव दिया कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून के पतन का संकेत था, रूस ने आईसीसी वारंट की अवहेलना की, क्योंकि इसका कोई कानूनी आधार नहीं था। उन्होंने आगे कहा कि इसका हाई-प्रोफाइल संदिग्धों को जवाबदेह, स्पष्ट समर्थक पश्चिमी पूर्वाग्रह रखने का एक खराब रिकॉर्ड था और अफगानिस्तान और इराक में अमेरिकी युद्ध अपराधों की जांच करने में विफल रहा था।

# मेघालय विधानसभा में राज्यपाल के हिन्दी में भाषण को लेकर हंगामा

शिलांग, 20 मार्च (एजेन्सी)। मेघालय विधानसभा में बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को राज्यपाल फागू चौहान के हिन्दी में भाषण देने के बाद हंगामा शुरू हो गया। विधायक अर्डेंट मिलर बसाइयामोइत सहित वॉयस ऑफ द पीपल पार्टी (वीपीपी) के चार सदस्य सदन से बाहर चले गए।

भले ही मुख्यमंत्री कोनराड संगमा और स्पीकर थॉमस संगमा ने दावा किया कि भाषण की प्रतियां हिन्दी में दी गईं, लेकिन बसाइयामोइत ने तर्क दिया कि यह एक अनुचित इशारा था क्योंकि अंग्रेजी सदन की आधिकारिक भाषा है।

उन्होंने कहा, केंद्र सरकार खासी और गारो भाषाओं को मान्यता देने में हिचकिचा रही थी और राज्यपाल सदन में हिन्दी में बात कर रहे थे। हालांकि अध्यक्ष ने सदस्यों से आग्रह किया कि वे राज्यपाल को अपना भाषण पूरा करने दें, वीपीपी के चार विधायक कुछ ही देर बाद सदन से चले गए।

मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने कहा, हमारे विचारों में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन यह अच्छा संकेत नहीं है।

# गौरैया को बचाने की हिंडालको महान की अनोखी मुहीम, बांटे गौरैया के घरौंदे

गणेश सिंह 'विशाल'




सिंगरौली, 20 मार्च। प्रकृति की सुंदरतम रचनाओं में से एक, घर-आंगन को अपनी चंचल अदाओं से खुशगवार बनाने वाली नन्ही गौरैया की घटती आबादी को रोकने और उसके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक और संवेदनशील बनाने के उद्देश्य हिंडालको महान ने गौरैया को बचाना है इस उद्देश्य से उसके कृत्रिम घोसले तैयार कर पेड़ों में टांगे गये व गौरैया का होना प्रकृति के लिये कितना जरूरी है इस विषय पर ग्राम बाघाडीह गाँव के लोगो को जागरूक करते हुये पेड़ों पर इस कृत्रिम घोंसलो को टागा गया, कार्यक्रम में हिंडालको महान का पर्यावरण विभाग की टीम के साथ साथ सी.एस.आर.व उद्यानिकी विभाग की टीम शामिल रही।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पर्यावरण विभाग के विभाग प्रमुख गिरिजा पंडा, उत्पल सरकार, विनोद कुशवाहा, मोहितेंद्र, विनय शुक्ला, महादेव, सी.एस.आर.विभाग से विभाग प्रमुख संजय सिंह, विजय बैश्य, धीरेंद्र तिवारी, शीतल श्रीवास्तव, बीरेंद्र पाण्डेय, खुशबू गुप्ता, प्रवीण श्रीवास्तव, अरविंद बैश्य व उद्यानिकी विभाग से विभाग प्रमुख रमेश मोबालिया, देवेंद्र चंदेल व श्रवण सेन उपस्थित रहे।

इस दिवस पर लोगों को विश्व गौरैया दिवस मनाने का उद्देश्य व लोगों को गौरैया के संरक्षण के प्रति जागरूक करना और कैसे गौरैया को संरक्षित किया जाए इस पर लोगो को अवगत कराया कि गौरैया की संख्या विश्व भर में कमी आ रही समस्या को देखते हुये पूरे यूरोप में सामान्य रूप से दिखाई पड़ने वालीये चिड़िया पूरी तरह से विलुप्त होने के कगार पर है।

वही नीदरलैंड में रेड लिस्ट में रखा गया है। हिंडालको महान के द्वारा घरेलू चिड़िया को घरौंदा देने के पहल की पर्यावरणविद व पक्षी प्रेमीयो ने तारीफ की है, वही इस पहल के परिणाम आने वाले वक्त में पता चलेगा कि इससे गौरैया प्रजाति संख्या में कितनी वृद्धि हुई है।

# ईडी-सीबीआई के छापे से खुद को बचाना चाहती हैं ममता बनर्जी, इसलिए कांग्रेस के खिलाफ हैं : अधीर रंजन चौधरी




नई दिल्ली, 20 मार्च (एजेन्सी)। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी और पीएम मोदी के बीच राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए सौदा करने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी पर आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा, ममता बनर्जी पीएम के इशारे पर बोल रही हैं। पीएम और दीदी में राहुल गांधी और कांग्रेस की छवि खराब करने का आपसी सौदा है। वह ईडी-सीबीआई के छापे से खुद को बचाना चाहती हैं, इसलिए वह कांग्रेस के खिलाफ हैं क्योंकि पीएम इससे खुश होंगे।

जानकारी के अनुसार, टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने अब वायनाड सांसद राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए दावा किया है कि राहुल ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे बड़ी 'टीआरपी' हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी राहुल को हीरो बनाना चाहती है।

एक मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि टीएमसी की आंतरिक बैठक में सीएम बनर्जी ने राहुल पर कई तीखी टिप्पणियां की हैं। उन्होंने कहा है कि अगर राहुल विपक्ष का चेहरा होते हैं, तो 'कोई भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना नहीं बना सकेगा।' उन्होंने कहा कि भाजपा राहुल को ही नेता बनाए रखना चाहती है।

दरअसल राहुल गांधी के लंदन में दिए भाषण पर बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्रियों ने जमकर हंगामा किया और कई विपक्षी दलों की ओर से उठाए गए कई अन्य मुद्दों पर जवाब नहीं दिया गया।

ममता बनर्जी की इसी टिप्पणी का जवाब देते हुए अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि पीएम और दीदी में राहुल गांधी और कांग्रेस की छवि खराब करने का आपसी सौदा है।

# पीएमएवाई घोटाले में ईडी ने महाराष्ट्र में नौ जगहों पर की छापेमारी

नई दिल्ली, 20 मार्च (एजेन्सी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने औरंगाबाद में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) योजना के टेंडर आवंटन में अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में महाराष्ट्र में औरंगाबाद, पुणे और अकोला समेत नौ स्थानों पर छापेमारी की।

ईडी ने औरंगाबाद नगर निगम में समरथ कंस्ट्रक्शन एंड जेवी, एनडीओ ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज, जगुआर ग्लोबल सर्विसेज और उनके संबंधित भागीदारों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की।

पीएमएवाई योजना औरंगाबाद में सात भूखंडों पर लागू की जानी थी और यह पाया गया कि सभी तीन ई-निविदाएं एक ही आईपी पते से अपलोड की गई थीं।

पीएमएवाई नियमकों द्वारा इस विसंगति की पहचान करने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी कि बिड हासिल करने वाली फर्म इतनी बड़ी परियोजना को लागू करने में वित्तीय रूप से सक्षम नहीं है।

ईडी की जांच में यह भी पता चला है कि तीन जेवी फर्मों ने एक ही आईपी पते से ई-टेंडर के लिए आवेदन किया था। समरथ कंस्ट्रक्शन एंड जेवी को टेंडर आवंटित किया गया था, लेकिन बैंक गारंटी 46.24 करोड़ रुपये में से मात्र 88.60 लाख रुपये की बीजी जमा की गई थी।

इसके अलावा, समरथ कंस्ट्रक्शन एंड जेवी ने नई निविदा प्रक्रिया के बिना 19.22 हेक्टेयर से 120 हेक्टेयर के लिए प्रारंभिक निविदा का विस्तार करवाकर नियत प्रक्रिया को उलट दिया।

ईडी ने कहा, इस घोटाले में शामिल सरकारी सब्सिडी की राशि लगभग एक हजार करोड़ रुपये है। सभी तीन निविदा आवेदकों पर तलाशी ली गई। ईडी ने आवेदक के पास से औरंगाबाद नगर पालिका की टेंडर फाइल की नोटशीट सहित कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं।

# बंगाल भारत का मार्गदर्शन करेगा : ममता बनर्जी



कोलकाता, 20 मार्च (एजेन्सी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) जीतने के लिए मोहन बागान को सम्मानित करते हुए सोमवार को कहा, अबार खेला होबे (हम फिर से खेल खेलेंगे) ।साथ ही उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल देश को राह दिखाता रहेगा।

बनर्जी ने कोलकाता के प्रसिद्ध मैदान में अपने हस्ताक्षर वाली फुटबॉल समर्थकों पर फेंकते हुए यह टिप्पणियां कीं। उनकी 2021 के विधानसभा चुनाव के लिए टीएमसी के नारे से जुड़ी इस टिप्पणी को 2024 के लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

उन्होंने कहा, हमें गर्व है कि बंगाल का एक फुटबॉल क्लब देश में शीर्ष पर रहा है। बंगाल जो आज सोचता है, भारत वह कल सोचता है। मोहन बागान ने एक बार फिर यह कर दिखाया है। मोहन बागान की जीत इसकी पुन: पुष्टि करती है कि बंगाल को नजरअंदाज नहीं किया जा सकताबंगाल राह दिखाता है और बंगाल दुनिया पर जीत हासिल करेगा।

बनर्जी ने उत्साहित भीड़ से कहा, मेरा मानना है खेला होयेचे, खेला होबे, अबार खेला होबे (खेल हुआ और खेल फिर से होगा)। मैं चाहती हूं कि आप फिर से जीतें।

गौरतलब है कि एटीके मोहन बागान ने शनिवार को कड़े मुकाबले में बेंगलुरु एफसी को पैनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर आईएसएल का अपना पहला खिताब जीता।

मुख्यमंत्री ने क्लब को 50 लाख रुपये की वित्तीय मदद देने की घोषणा की और खिलाड़ियों को फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा, मैं सरकार की ओर से मोहन बागान के लिए 50 लाख रुपये के अनुदान की घोषणा करती हूं ताकि समर्थक मिठाई खा सकें और क्लब का विकास किया जा सके। क्या मोहन बागान एक दिन दुनिया का शीर्ष क्लब नहीं बन सकता? मैं आपके जरिए यहां विश्व कप लाना चाहती हूं।

इस कार्यक्रम में राज्य के खेल मंत्री अरूप बिस्वास और क्लब के अध्यक्ष स्वप्न साधन बोस भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह बनर्जी की टीएमसी ने घोषणा की थी कि वह 2024 का चुनाव अकेले लड़ेगी।

# पीएम मोदी ने अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा से की वार्ता

नई दिल्ली, 20 मार्च (एजेन्सी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा के साथ कोविड-19 महामारी के बाद शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध दुनिया के लिए भारत-जापान रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए व्यापक चर्चा की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा ने सोमवार को द्विपक्षीय चर्चा की। किशिदा के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर सोमवार सुबह भारत आने के बाद दोनों नेताओं के बीच वार्ता हुई। उन्होंने मोदी को हिरोशिमा में इस साल मई में होने वाले जी7 नेताओं के शिखर सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। इसे प्रधानमंत्री ने स्वीकार कर लिया। वार्ता के दौरान, दोनों नेताओं ने भारत-जापान वैश्विक रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने का संकल्प लिया। इस बात पर जोर दिया कि यह एक शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध भारत-प्रशांत के लिए महत्वपूर्ण है।

द्विपक्षीय वार्ता के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने जी20 में भारत के अध्यक्ष पद और जी7 समूह की अध्यक्षता वाले जापान का जिक्र किया और कहा कि वैश्विक भलाई के लिए दोनों पक्षों की प्राथमिकताओं पर मिलकर काम करने का यह सबसे अच्छा अवसर है।


मोदी ने कहा, आज, मैंने पीएम किशिदा को हमारे जी20 अध्यक्षता की प्राथमिकताओं के बारे में विस्तार से बताया। हमारे जी20 अध्यक्षता का एक महत्वपूर्ण आधार ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आवाज देना है। एक संस्कृति जो वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करती है, सभी को एक साथ लाकर आगे बढ़ने में विश्वास करती है।

उन्होंने जी7 नेताओं के शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने के लिए किशिदा को भी धन्यवाद दिया।

मोदी ने कहा, इस साल सितंबर में मुझे फिर से जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए भारत में पीएम फुमियो किशिदा का स्वागत करने का अवसर मिलेगा।

भारत में अपने जापानी समकक्ष का स्वागत करते हुए, प्रधान मंत्री ने कहा, एक साल में, पीएम फुमियो किशिदा और मैं कई बार मिले हैं और हर बार मैंने भारत-जापान द्विपक्षीय संबंधों के प्रति उनकी सकारात्मकता और प्रतिबद्धता को महसूस किया है। उनकी आज की यात्रा इस गति को बनाए रखने में फायदेमंद होगी।

मोदी ने कहा, इसीलिए हमने यह पहल की है। भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी हमारे आपसी लोकतांत्रिक मूल्यों और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कानून के शासन के प्रति सम्मान पर आधारित है।



किशिदा ने स्वतंत्र और खुले भारत-प्रशांत के लिए अपनी योजना भारतीय धरती पर प्रकट की।

जापानी प्रधान मंत्री ने द्विपक्षीय चर्चा के बाद कहा, भारत के साथ हमारा आर्थिक सहयोग तेजी से बढ़ रहा है। यह न केवल भारत के विकास में मददगार होगा, बल्कि जापान के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक अवसर भी पैदा करेगा। उन्होंने कहा, हम डीकार्बोनाइजेशन और ऊर्जा पर काम करना जारी रखेंगे। 2023 पर्यटन के माध्यम से हमारे आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए जापान-भारत पर्यटन आदान-प्रदान का वर्ष होगा। मैं जापानी भाषा शिक्षा पर हमारे एमओसी के नवीनीकरण का स्वागत करता हूं।

किशिदा ने रविवार को कहा था कि उनकी यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और गहरा करना होगा।

उन्होंने कहा, इस साल जापान जी-7 की अध्यक्षता कर रहा है जबकि भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। मैं इस सवाल पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ विचारों का आदान-प्रदान करना चाहता हूं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय में जापान और भारत की क्या भूमिका निभानी चाहिए। किशिदा ने कहा, इसके साथ ही द्विपक्षीय जापान-भारत संबंधों के संबंध में, मैं भारत और जापान के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और गहरा करने की पुष्टि करना चाहता हूं।

उन्होंने कहा, मैं मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक नयी योजना पर भारत में एक संबोधन भी दूंगा। मैं इस ऐतिहासिक मोड़ पर खुले और मुक्त हिंद-प्रशांत की भूमिका के बारे में स्पष्ट रूप से अपनी सोच रखूंगा।

चीन की बढ़ती सैन्य मुखरता की पृष्ठभूमि में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उभरती स्थिति पर भी मोदी और किशिदा के बीच व्यापक वार्ता में चर्चा होने की संभावना है।

पिछले साल मार्च में अपनी भारत यात्रा के दौरान किशिदा ने अगले पांच साल में भारत में पांच लाख करोड़ येन (3,20,000 करोड़ रुपये) के निवेश के लक्ष्य की घोषणा की थी।

# जेपीसी की मांग स्वीकार किए जाने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा : प्रमोदी तिवारी

नई दिल्ली, 20 मार्च (एजेन्सी)। कांग्रेस समेत कई अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने अडाणी समूह के मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग को लेकर केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी पर निशाना साधा है।

कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने सरकार पर अडाणी समूह के मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग से ध्यान भटकाने के प्रयास का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि जेपीसी की मांग स्वीकार किए जाने तक उनका संघर्ष लोकतांत्रिक ढंग से जारी रहेगा।

संसद के दोनों सदनों की बैठक अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने दावा किया कि सत्तापक्ष की तरफ से जो ड्रामा किया जा रहा है वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इशारे के बिना नहीं हो सकता।

उन्होंने यह भी कहा भारत माता के चरणों में बैठकर जो घोटाला किया गया है, उसकी जांच के लिए जेपीसी का गठन होना जरूरी है और यह मांग देश की जनता के हित में है।

उन्होंने समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के ए राजा और कुछ अन्य विपक्षी नेताओं के साथ संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि विपक्षी दल राहुल गांधी के आवास पर दिल्ली के पुलिस अधिकारियों के गैरकानूनी ढंग से पहुंचने और कई विपक्षी नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों के इस्तेमाल की निंदा करते हैं।

तिवारी ने कहा, 13 मार्च से जो ड्रामा चल रहा है, वह प्रधानमंत्री के इशारे के बिना नहीं हो सकता। भारत माता के चरणों में बैठकर जो घोटाला किया गया है, उसकी जांच के लिए जेपीसी बने।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, लाखों करोड़ रुपये के घोटाले के बावजूद हमारी जेपीसी की मांग स्वीकार नहीं कर रहे हैं। जेपीसी की जांच हुई तो भाजपा बेनकाब हो जाएगी। इसीलिए भाजपा जेपीसी के गठन की मांग नहीं मान रही है।

उन्होंने आरोप लगाया, मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी प्रयास के तहत राहुल गांधी के आवास पर गैरकानूनी ढंग से पुलिस को भेजा गया और कई विपक्षी नेताओं को एजेंसियों के जरिये आतंकित किया जा रहा है।

तिवारी ने कहा, ये कितना भी डराएं, जब हम अंग्रेजों से नहीं डरे तो भाजपा क्या चीज है? जब तक जेपीसी का गठन नहीं होगा, तब तक हमारा संघर्ष लोकतांत्रिक ढंग से जारी रहेगा।

इससे पहले, कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए आगे की रणनीति पर चर्चा की।

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संसद भवन स्थित कक्ष में हुई बैठक में खड़गे के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के सी वेणुगोपाल एवं जयराम रमेश, द्रमुक के टी आर बालू, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के संजय राउत और कई अन्य दलों के नेता शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले सप्ताह में, ब्रिटेन में पिछले दिनों दिए गए राहुल गांधी के एक बयान को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष से माफी की मांग की। इस विषय और अडाणी समूह से जुड़े मामले पर हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही पूरे सप्ताह बाधित हुई थी।

गौरतलब है कि संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को हुई थी। इसी दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण दिया था। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक, सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू हुआ और यह छह अप्रैल तक चलेगा।

## पवन चामलिंग बौद्धिक ......

था। यह सम्मेलन एसकेएम या किसी अन्य पार्टी का नहीं था। देश के निर्देश पर सिक्किम सरकार की ओर से इस सम्मेलन का आयोजन किया गया था। उनके इस क्रियाकलाप से विपक्ष की राजनीति करने वालों के मानसिक स्तर का पता चला है।

# ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग से तिरंगा उतारना शर्मनाक : भाजपा

नई दिल्ली, 20 मार्च (एजेन्सी)। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आर.पी. सिंह ने सोमवार को उस घटना को 'शर्मनाक' बताया, जिसमें कुछ खालिस्तान समर्थक समूहों ने ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग से कथित तौर पर तिरंगा नीचे उतार दिया था।

राष्ट्रीय राजधानी में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि इस तरह के कृत्यों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस मौके पर दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता हरीश खुराना भी मौजूद थे।

सिरसा ने कहा, 'भारत को बदनाम करने वाले कभी सिख नहीं हो सकते। कुछ देशद्रोही तत्व भारत के खिलाफ हैं और वे कुछ लोगों के साथ मिलकर इस तरह की शर्मनाक घटनाओं को अंजाम देकर भारत को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसका हमें गहरा अफसोस है।'

उन्होंने पूरे सिख समुदाय और खासकर विदेशों में रह रहे सिखों से अपील करते हुए कहा कि ऐसे देशद्रोही तत्वों की पहचान कर उन्हें सबक सिखाने की जरूरत है।

सिरसा ने कहा, 'जब अफगानिस्तान में सिखों की जान को खतरा था, तो शक्तिशाली देश भी उनकी मदद करने में नाकाम रहे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से सभी को सुरक्षित बचा लिया गया।'

उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऐसी हरकतें कर सिख समुदाय को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उन्हें नहीं पता कि कोई सिख कभी किसी के धर्म के खिलाफ काम नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आज सिखों को पूरी दुनिया में मसीहा के रूप में देखा जाता है।

सिरसा ने कहा कि मोदी ने सिखों के लिए जो कुछ भी किया है, वह पिछले 75 वर्षों में भारतीय राजनीति के इतिहास में नहीं हुआ है और 'सिख विरोधी' और 'भारत विरोधी' तत्व इसे बर्दाश्त नहीं कर रहे हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आरपी सिंह ने कहा, 'कुछ लोगों को आईएसआई प्रायोजित करती है, जो भारत विरोधी गतिविधियों को फंडिंग भी करती है। ये लोग पूरे सिख समुदाय को बदनाम कर रहे हैं, लेकिन वे लांस नायक करम सिंह, नायक सूबेदार राणा सिंह, जनरल अरोड़ा जैसे शहीदों के नाम भूल जाते हैं। कोई सिख खुद को तिरंगे से अलग नहीं कर सकता।'

सिंह ने ब्रिटेन सरकार के संदर्भ में कहा, 'जब भी किसी देश के अंदर किसी उच्चायोग पर हमला होता है तो यह शर्मनाक होता है, क्योंकि उच्चायोग की सुरक्षा सुनिश्चित करना उस देश की जिम्मेदारी होती है।'

उन्होंने कहा, 'ऐसे देशद्रोही तत्वों को लगता है कि बाहर जो होगा, उसका परिणाम दिल्ली में या देश के अंदर महसूस होगा, लेकिन ऐसी उम्मीद रखने वाले अपने नापाक मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाएंगे।'

# महाराष्ट्र सरकार ओपीएस के लिए तैयार, कर्मचारियों ने हड़ताल वापस ली

मुंबई, 20 मार्च (एजेन्सी)। महाराष्ट्र में 18 लाख सरकारी कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के विवादास्पद मुद्दे पर सफल बातचीत के बाद सोमवार को अपनी सप्ताह भर की अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त कर दी। हड़ताली संघ समन्वय समिति के संयोजक विश्वास कटकर ने कहा कि राज्य सरकार ओपीएस को वापस लाने के मुद्दे पर विचार करने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गई है, जिसे 2005 में बंद कर दिया गया था। चर्चा आज दोपहर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और राज्य के शीर्ष अधिकारियों, और दूसरी तरफ कटकर और अन्य यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ हुई। कटकर ने मीडियाकर्मियों से कहा, सरकार ने आश्वासन दिया है कि ओपीएस निश्चित रूप से लागू किया जाएगा और इसे लिखित रूप में भी दिया जाएगा। वह हड़तालियों को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस को भी वापस ले लेंगे। हम भी इस मुद्दे पर सरकार का पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि सकारात्मक परिणाम को देखते हुए हड़ताल तुरंत वापस ले ली गई है और मंगलवार से सभी कर्मचारी सामान्य ड्यूटी पर लौट आएंगे। कटकर ने हड़तालियों का समर्थन करने और राज्य विधानसभा में उनके मुद्दे को उठाने के लिए विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) को भी धन्यवाद दिया और ओपीएस पर कर्मचारियों की लंबित मांग पर सकारात्मक विचार करने के लिए सरकार की सराहना की।

# 'सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के खिलाफ मामले लखनऊ पीठ को सौंपे'

नई दिल्ली, 20 मार्च (एजेन्सी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के खिलाफ प्रधानमंत्री के खिलाफ उनकी टिप्पणियों के संबंध में असम और वाराणसी में दर्ज प्राथमिकियों को एक साथ मिला दिया और उन्हें लखनऊ पीठ को भेज दिया।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उत्तर प्रदेश और असम सरकारों का प्रतिनिधित्व करते हुए तर्क दिया कि खेड़ा द्वारा अदालत में माफी मांगने के बावजूद पीएम के खिलाफ उनकी टिप्पणियों पर कोई पछतावा नहीं दिखाया गया है।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता मामले में न्यायिक अदालत के समक्ष नियमित जमानत के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र होगा और उसने 10 अप्रैल तक अपनी अंतरिम जमानत भी बढ़ा दी।

खेड़ा के खिलाफ यूपी में दो और असम में एक एफआईआर दर्ज की गई थी।

सुनवाई के दौरान मेहता ने कहा कि प्रत्युत्तर में अदालत के सामने माफी मांगने के बाद खेड़ा ने उन्हें सही ठहराने की मांग की है और कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है, यह एक उचित आलोचना है।

उन्होंने अदालत से बयान दर्ज करने का आग्रह किया और कहा कि दलीलों के बावजूद वह अपनी माफी का पालन करेंगे।

खेड़ा का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. ए.एम. सिंघवी, जिन्होंने पिछली सुनवाई में खेड़ा का प्रतिनिधित्व किया था, ने यह स्पष्ट कर दिया कि प्रधानमंत्री पर खेड़ा की टिप्पणी अच्छी नहीं थी और कहा कि अप्रिय प्रकृति की टिप्पणी के लिए माफी मांगी गई थी।

पीठ ने अपने आदेश में दर्ज किया कि सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने दोहराया है डॉ. सिंघवी याचिकाकर्ता की ओर से पेश की गई बिना शर्त माफी पर कायम हैं।

मेहता ने आगे कहा कि अदालत के आदेश के बाद भी खेड़ा की राजनीतिक पार्टी के आधिकारिक हैंडल से वही ट्वीट किया जाता रहा है, जो कभी नहीं किया जाना चाहिए था।

उन्होंने कहा, 'भारत के राजनीतिक विमर्श में अतीत में ऐसा कभी नहीं हुआ कि एक व्यक्ति जो सार्वजनिक जीवन का हिस्सा नहीं है, उसे इस तरह से बदनाम किया जाता है। यह जरूरी है याचिकाकर्ता खुद को नियंत्रित करे।'

शुरुआत में सिंघवी की अनुपस्थिति के कारण याचिकाकर्ता के वकील ने मामले को अगले सोमवार को लेने का अनुरोध किया। मेहता ने सुझाव दिया कि इस मामले में कई एफआईआर को एक साथ जोड़ा जा सकता है।

खेड़ा के वकील ने अदालत से सोमवार को मामले की सुनवाई करने का आग्रह किया और कहा कि डॉ. सिंघवी निष्पक्ष सुनवाई के हित में मामले को दिल्ली स्थानांतरित करने के लिए बहस करना चाहते हैं। हालांकि, पीठ याचिका को दिल्ली स्थानांतरित करने की इच्छुक नहीं थी।

अदालत ने निर्देश दिया कि वाराणसी और असम में दर्ज एफआईआर को पीएस हजरतगंज, लखनऊ में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

23 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने खेड़ा की रक्षा करते हुए कहा कि उन्हें दिल्ली में मजिस्ट्रेट के सामने पेश होने पर अंतरिम जमानत पर



रिहा कर दिया जाएगा। पिछली सुनवाई में शीर्ष अदालत ने खेड़ा को दी गई अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ा दी थी।

शीर्ष अदालत ने तब खेड़ा का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी से कहा था: 'हमने आपकी रक्षा की है लेकिन कुछ स्तर की बातचीत होनी चाहिए ..। सभी प्राथमिकियों को एक स्थान पर एकत्र करने की खेड़ा की याचिका पर सुनवाई के लिए हम सहमत हैं।'

खेड़ा को रायपुर जाने के लिए इंडिगो के एक विमान से उतरने के लिए मजबूर किए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था। खेड़ा कांग्रेस के पूर्ण सत्र में भाग लेने के लिए रायपुर जा रहे थे।

खेड़ा को फ्लाइट में चढ़ने से रोके जाने के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट पर विरोध प्रदर्शन किया था।

घंटों के भीतर शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया गया और प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने खेड़ा की गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया था।

NAGALAND STATE LOTTERIES
Draw Time: 01:00 PM
DEAR GANGA MORNING
MONDAY WEEKLY LOTTERY
Draw No:121 DrawDate on:20/03/23
1st Prize ₹1 Crore/- 34A 50335
(Including Super Prize Amt)
Cons. Prize ₹1000/- 50335 (REMAINING ALL SERIALS)
2nd Prize ₹9000/-
04677 11453 11993 17455 42716 51333 53124 64965 74208 89156
3rd Prize ₹450/-
0783 1559 3129 3741 3776 3881 4833 4838 5403 7692
4th Prize ₹250/-
1190 1393 1897 3565 3739 4382 5341 5921 7206 9082
5th Prize ₹120/-
0063 0103 0521 0726 0766 1024 1200 1625 1657 2013
2022 2308 2411 2424 2468 2611 2656 2840 2881 2924
2930 3015 3091 3146 3174 3298 3322 3457 3592 3726
3810 3822 3849 3887 3906 3993 4205 4211 4244 4276
4522 4550 4640 4728 4854 4941 4943 5014 5099 5258
5311 5364 5408 5676 5779 5812 5853 5905 5912 5970
5988 6058 6194 6277 6324 6338 6390 6516 6614 6748
6750 6815 6846 7090 7092 7164 7176 7312 7440 7601
7629 7861 7871 8055 8129 8192 8197 8372 8418 8489
8832 8908 8951 9085 9206 9224 9488 9568 9811 9956
ISSUED BY : THE DIRECTOR
NAGALAND STATE LOTTERIES, KOHIMA, NAGALAND
For Results, Please Visit : Www.Nagalandlotteries.Com
KINDLY CHECK THE RESULT WITH THE OFFICIAL GAZETTE

NAGALAND STATE LOTTERIES
Draw Time: 06:00 PM
DEAR SUN MONDAY
WEEKLY LOTTERY
Draw No:121 DrawDate on:20/03/23
1st Prize ₹1 Crore/- 99D 75822
(Including Super Prize Amt)
Cons. Prize ₹1000/- 75822 (REMAINING ALL SERIALS)
2nd Prize ₹9000/-
18418 24944 36004 45581 46155 52017 55910 82323 91009 98103
3rd Prize ₹450/-
0196 0529 0672 0907 3753 4356 4820 6251 6806 9553
4th Prize ₹250/-
4075 4412 6547 6887 7436 7468 7508 7945 8495 8991
5th Prize ₹120/-
0061 0165 0204 0222 0225 0352 0383 0388 0561 0579
0691 0763 0961 1048 1078 1080 1120 1327 1354 1372
1383 1452 1561 1701 2302 2309 2318 2381 2508 2541
2587 2620 2629 3012 3120 3394 3543 3584 3664 3688
3857 3974 3980 4167 4267 4403 4602 4950 5211 5224
5225 5459 5523 5583 5686 5745 5761 5821 6057 6221
6289 6451 6810 7001 7004 7199 7204 7205 7212 7254
7346 7609 7623 7674 7899 7927 7936 7992 8083 8205
8387 8628 8642 8817 8838 8952 9022 9087 9099 9114
9228 9288 9338 9507 9670 9695 9824 9901 9914 9955
ISSUED BY : THE DIRECTOR
NAGALAND STATE LOTTERIES, KOHIMA, NAGALAND
For Results, Please Visit : Www.Nagalandlotteries.Com
KINDLY CHECK THE RESULT WITH THE OFFICIAL GAZETTE

NAGALAND STATE LOTTERIES
Draw Time: 08:00 PM
DEAR FLAMINGO EVENING
MONDAY WEEKLY LOTTERY
Draw No:221 DrawDate on:20/03/23
1st Prize ₹1 Crore/- 77H 05941
(Including Super Prize Amt)
Cons. Prize ₹1000/- 05941 (REMAINING ALL SERIALS)
2nd Prize ₹9000/-
31150 31444 39751 55494 63394 74233 86036 91917 95420 97552
3rd Prize ₹450/-
1262 1554 3298 4492 4922 5662 7473 7586 8788 9238
4th Prize ₹250/-
0646 1575 5170 7002 7532 7826 8952 8987 9555 9736
5th Prize ₹120/-
0023 0086 0219 0241 0301 0419 0420 0651 1117 1173
1336 1453 1484 1504 1632 1704 1712 1751 1831 1867
2075 2105 2235 2241 2379 2557 2707 2973 3115 3152
3181 3226 3315 3318 3325 3440 3532 3812 4137 4192
4202 4244 4248 4327 4374 4469 4610 4673 4903 4950
5035 5039 5051 5127 5304 5333 5357 5431 5500 5523
5574 5686 5711 5790 5848 5850 6060 6069 6136 6174
6529 6537 6550 6627 6782 6806 6934 6979 7106 7190
7193 7238 7320 7345 7351 7372 7461 7753 7894 8044
8202 8397 8487 8882 8964 9302 9411 9672 9708 9782
ISSUED BY : THE DIRECTOR
NAGALAND STATE LOTTERIES, KOHIMA, NAGALAND
For Results, Please Visit : Www.Nagalandlotteries.Com
KINDLY CHECK THE RESULT WITH THE OFFICIAL GAZETTE

## शिकंजे से बाहर अमृतपाल

खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह का पुलिस घेरे से निकल भागना कई सवाल खड़े करता है। पुलिस ने उसे पकड़ने का बहुत चुस्त बंदोबस्त कर रख था, उसमें वह उसके पास तक पहुंचने में कामयाब भी रही। अमृतपाल के कुछ सहयोगी तो पकड़े गए, मगर वह खुद फरार होने में कामयाब हो गया। बताया जा रहा है कि जब पुलिस उस तक पहुंचने ही वाली थी कि वह अपनी गाड़ी से निकल कर दूसरी गाड़ी में बैठा और पुलिस घेरे से निकल भागा।

हालांकि पंजाब पुलिस के इस खोज अभियान की तारीफ की जानी चाहिए कि उसमें किसी तरह की हिंसा नहीं हुई और वह अमृतपाल के सहयोगियों को सहज ढंग से पकड़ पाई। मगर इस अभियान में जिस मुख्य व्यक्ति की तलाश थी, वह कैसे भाग निकला, इसका जवाब तो उसे देना होगा। अमृतपाल खुलेआम वारिस पंजाब दे नाम का संगठन बना कर अलग खालिस्तान के लिए लोगों को उकसा रहा था।

पंजाब में उसके बढ़ते प्रभाव का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले महीने जब उसके एक समर्थक को पुलिस ने गिरफ्तार किया तो हथियारों से लैस बड़ी संख्या में उसके समर्थकों ने अजनाला थाने पर हमला कर दिया और उस गिरफ्तार व्यक्ति को बाहर निकाल लिया।

अजनाला की घटना के बाद से ही पंजाब पुलिस अमृतपाल को गिरफ्तार करने की योजना बना रही थी, मगर उसे कामयाबी नहीं मिल पा रही थी। आखिरकार केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसमें दखल दी और उसकी गिरफ्तारी की योजना बनी। आशंका थी कि अमृतपाल की गिरफ्तारी के बाद लोग सड़कों पर उतर कर उपद्रव शुरू कर देंगे, जिसे संभालना मुश्किल होगा। दरअसल, अमृतपाल गुरु ग्रंथ साहिब की आड़ लेकर अपने आंदोलन को आगे बढ़ा रहा है, इस वजह से सिख समुदाय के लोगों को भावनात्मक रूप से अपने साथ जोड़ने में कामयाब हो पाया है।

मगर पंजाब की बड़ी आबादी किसी भी रूप में फिर से अलगाववादी गतिविधियों को सिर उठाते नहीं देखना चाहती। अमृतपाल की गतिविधियों को किसी भी रूप में आंदोलन नहीं कहा जा सकता, वह अलगाववाद को उकसा रहा है। पंजाब पहले ही इस आग में बुरी तरह झुलस चुका है।

मगर अमृतपाल जैसे लोग इसलिए पंजाब में इस चिनगारी को हवा देने में कामयाब होते रहे हैं कि उन पर ठीक से शिकंजा नहीं कसा जा सका। जबसे पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है, अलगाववादी ताकतों ने खुल कर अपनी गतिविधियों को तेज कर दिया है। इसलिए स्वाभाविक ही पंजाब की नई सरकार पर अंगुलियां उठ रही हैं।

अच्छी बात है कि अमृतपाल के पचहत्तर से अधिक समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया गया है और कुछ खतरनाक माने जाने वाले समर्थकों को असम की जेल में भेज दिया गया है। पुलिस अभी और लोगों की तलाश में जुटी है। इससे वारिस पंजाब दे के जरिए खालिस्तान समर्थक गतिविधियों पर कुछ लगाम लग सकेगी।

मगर जिस तरह अमृतपाल पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर या किसी भीतरी आदमी की मदद से निकल भागने में कामयाब हुआ है, उससे पंजाब पुलिस की मुस्तैदी और खालिस्तान समर्थकों पर शिकंजा कसने के इरादे पर सवाल बना रहेगा।

आम आदमी पार्टी पर खालिस्तान समर्थकों के प्रति हमदर्दी रखने के आरोप लगते रहे हैं। यह आरोप विधानसभा चुनाव के समय ही लग गया था। ऐसे में अगर अमृतपाल जैसे लोगों की गिरफ्तारी में किसी तरह की चूक होती है, तो सवाल उस पर भी उठेंगे ही। उसे इस मामले में अपनी पक्षधरता स्पष्ट करनी होगी।

# मानव और गौरैया का अटूट रिश्ता



**डॉ. ए.के. पाण्डेय**

गौरैया दिवस को विश्वभर में गौरैया पक्षी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। पहली बार 2010 में 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस को मनाया गया तब से हर वर्ष 20 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है।

एक समय था जब इस छोटी सी पक्षी को हम लोग अपने बचपन में अपने घर के आस-पास खेत खलिहान से लेकर आँगन तक फुदकते और चूं-चूं की आवाज करते देखा था आज इनकी संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। कुछ अध्ययन बताते हैं कि गौरैया की संख्या लगभग 60 फीसदी तक की कमी आई है दिल्ली जैसे शहर में इस पक्षी को ढूंढना इतना दुर्लभ हो गया है कि लाख ढूंढने पर भी यह पक्षी दिखाई नहीं पड़ता। इसीलिए दिल्ली सरकार द्वारा वर्ष 2012 में गौरैया को राज्य पक्षी घोषित करने का निर्णय लिया गया।

गौरेया का वैज्ञानिक नाम पासर डोमेस्टिकस है और पैसेरिडी कुल का सदस्य है विश्व के अधिकांश देशों में यह पाई जाती है। यह एक छोटी पक्षी है जिसकी ऊँचाई 16 सेमी. और विंगस्पैन 21 सेमी. तथा वजन 25-40 ग्राम होता है। यह एक सामाजिक पक्षी है जो मानव की संगति में अधिक खुश रहती है। यही वजह है कि यह पक्षी सदियों से मानव बस्तियों के पास रह रही थी और हमारे जीवन का एक हिस्सा बन गई थी। नर और मादा गौरैया को देखकर आसानी से पहचाना जा सकता है। नर गौरैया में लाल रंग की पीठ और काली बिब होती है, जबकि माता गौरैया कि स्ट्राइप्स के साथ भूरे रंग की पीठ होती है। गौरैया सामान्यतया छतों के नीचे, फूलों के नीचे, घास-फूस के बने छप्परों और पेड़ों के खोखले में घोंसला बनाती है। गौरैया का जीवन काल 4 से 5 वर्ष का होता है। औसतन एक मादा गौरैया वर्ष 3 से 5 अण्डे देती है। 12 से 15 दिन में अण्डे से बच्चों का जन्म होता है। नर और मादा दोनों मिलकर अण्डे और बच्चे का ख्याल रखते हैं। जन्म के 15 दिन बाद शिशु घोसले से निकलने में समर्थ हो जाता है।

2018 की रॉयल सोसाइटी ऑफ लंदन की रिपोर्ट के अनुसार मानव और गौरैया के बीच का बंधन 11 हजार वर्ष से पुराना है। घरेलू गौरैया में पाए जाने वाले स्टार्च अनुकूलन जीन मानव विकास की जुड़ी कहानी इंगित करते हैं। अध्ययन से पाया गया है कि कृषि ने तीन अलग-अलग प्रजातियों- कुत्ता, घरेलू गौरैया और मनुष्यों में समान अनुकूलन को जन्म दिया। कृषि विकास के आरम्भिक चरण में ही घरेलू गौरैया अन्य जंगली पक्षियों से भिन्न हुई। घरेलू गौरैया में ए



एम वाई 2 ए जीन की एक जोड़ी है जो इसे जटिल कार्बोहाइड्रेट को पचाने में मदद करता है। यही कारण है कि मानव और गौरैया दोनों को स्टार्च युक्त गेहूं और चावल पसंद है।

घरेलू गौरैया की लुप्त होती प्रजाति एवं कम होती आबादी चिंता का विषय बना हुआ है। हमारी आधुनिक जीवन शैली, तेजी से बढ़ता शहरीकरण, प्रदूषण के विभिन्न रूप एवं घटती जैवविविधता एवं जलवायु परिवर्तन अनेकों कारण है जो इनकी घटती संख्या के लिए जिम्मेदार हैं।

अभी हालिया इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एडवांस्ड रिसर्च इन बायोलॉजिकल साइंसेज में छपे एक शोध के अनुसार तमिलनाडु के तिरुचेंगोडे और इरोड तालुक के गाँवों में किये गये अध्ययनों से पता चलाकि जहाँ पर नगरीकरण की प्रक्रिया तेज थी वहाँ से घरेलू गौरैया का पलायन हो गया और संख्या में कमी हो गयी।

कुछ अनुसंधान घरेलू गौरैया की घटती संख्या और फोन मास्ट जी.एस.एम. टावर्स के बीच सीधा संबंध इंगित करते हैं। विद्युत चुंबकीय विकिरण इनके प्रजनन, संचार और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र पर माइक्रोवेव सिंड्रोम का कारण बनते हैं। जिससे इनके सामान्य स्वास्थ्य गिरावट एवं प्रजनन दर में ह्रास होता है। इसके अतिरिक्त घरेलू गौरैया के लिए शहर में बने मकान उनके घोसले बनाने के लिए उपयुक्त नहीं हैं। इसके विपरीत गाँव के कच्चे मकान एवं घास-फूस के बने छख़्रपर इनके घोसले के लिए काफी उपयुक्त होते हैं।

इस वर्ष विश्व गौरैया दिवस की थीम है 'राइज फॉर स्पैरो' अर्थात् 'गौरैया के लिए जागो'। आज इस पक्षी के अस्तित्व से जुड़े उन सभी पहलुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे इनकी संख्या में कोई असंतुलन न पैदा हो अन्यथा वह मानव अस्तित्व के संकट का सूचक बनेगा। हमारी छोटी सी पहल उन्हें दाने देने, छतों पर घड़े में पानी रखने, इनकी संख्या बढ़ाने में काफी मदद कर सकती है।

**(लेखक पर्यावरण विद् एवं बागवानी महाविद्यालय, केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, वर्मिओक, सिक्किम के अधिष्ठाता हैं)**

# ये कैसी 'ममता'

**बिमल राय**

ऋषि अरविंद घोष ने कहा था, हमारा वास्तविक शत्रु कोई बाहरी ताकत नहीं है, बल्कि हमारी खुद की कमजोरियों का रोना, हमारी कायरता, हमारा स्वार्थ, हमारा पाखंड, हमारा पूर्वाग्रह है।

बंगाल में जन्मे इस प्रखर राष्ट्रवादी सपूत ने यह बात तब कही थी, जब भारत परतंत्र था और इसका मकसद था स्वतंत्रता की लड़ाई के लिए लोगों को जगाना। आजादी के अमृत काल में ये बातें आज बंगाल के संदर्भ में बहुत कुछ लागू हो रही हैं, जहां अपनी सत्ता बचाए रखने के लिए विरोधियों की हत्या से लेकर दूसरों का हक छीनकर अपने कैडर तंत्र को मजबूत रखने की लपलपाती आकांक्षा दिख रही है।

हाल में ऋषि अरविंद की 150वीं जन्म वार्षिकी को लेकर कोलकाता के अलीपुर बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में सीएम ममता बनर्जी आमंत्रित थीं। मंच पर हाई कोर्ट के जस्टिस सुब्रत तालुकदार भी थे। अपने भाषण में बंगाल की दीदी ने जो बातें कहीं, उनकी किसी ने उम्मीद न की थी। उनकी वाणी में करुणा थी क्योंकि हाल में कोर्ट के आदेश से जलपाईगुड़ी में नौकरी गंवाने वाले ग्रुप सी के दो कर्मचारियों ने खुदकुशी कर ली थी। ममता ने मासूमियत से कहा कि मुख्य न्यायाधीश से तो बात नहीं हुई पर यहां मौजूद सुब्रत (तालुकदार) दा से मेरी अपील है कि अदालत मानवीय रुख दिखाए। फिर उन्होंने नाम लिए बिना माकपा नेता एवं कोलकाता के पूर्व मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य की ओर इंगित कर कहा कि लोग नौकरी दे नहीं सकते पर दूसरों की नौकरी खाने में दिन-रात लगे रहते हैं। मालूम हो कि विकास रंजन ने कई जनहित याचिकाएं दायर की हैं, और नौकरी से वंचित किए गए प्रतिभाशाली व योग्य शिक्षक और गैर-शिक्षक अभ्यर्थियों के कई मामले लड़ रहे हैं।

सीएम ने कहा कि वाम मोर्चा के शासन की फर्जी नियुक्तियों को तो उनकी सरकार ने रद्द नहीं किया? सवाल यह है कि अगर वाम शासन में फर्जी नियुक्तियां हुई थीं, तो उसकी जांच करवाना उनका राज धर्म था। दीदी इतनी उत्तेजित थीं कि उन्होंने यह भी कह डाला कि आप चाहें तो मुझे मारें, पीटें लेकिन किसी की नौकरी न लें। सोचिए, कल को अगर लालू प्रसाद यादव कहें कि जमीन के बदले नौकरी मामले में मुझ पर या मेरे परिवार पर रहम किया जाए क्योंकि मेरी किडनी बदली गई है, तो क्या यह गुहार जांच एजेंसी या किसी अदालत को मान्य होगी? पिछले साल शिक्षक दिवस पर आयोजित समारोह में दीदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के इस कथन को उद्धृत किया था कि भूल करना हमारा अधिकार है। वे कई सभाओं में कह चुकी हैं कि कुछ लोगों ने भूल की है पर उन्हें सुधार का मौका देना चहिए। पर, आज बंगाल की जनता भी कह रही है कि हमने आपको तीसरी बार चुना, आप हमें सुशासन दें। भूल वाली सफाई के साथ-साथ ममता ने मंत्रिमंडल की बैठक कर नौकरी गंवाने वालों के लिए खाली पद सृजित करने का फैसला किया।

मामला जब हाई कोर्ट के जज अभिजित गांगुली की कोर्ट में गया तो उन्होंने बिफर कर तृणमूल की मान्यता रद्द करवाने के लिए चुनाव आयोग से आग्रह करने तक की बात कही। कलकत्ता हाई कोर्ट के कई जजों व खंडपीठ ने सबसे पहले इस साल जनवरी में 183 प्राथमिक शिक्षकों की सेवा रद्द कीं। हालांकि सीबीआई के मुताबिक अवैध भर्तियों की संख्या 952 है। फिर 11 फरवरी को सरकारी स्कूलों में 1,911 ग्रुप डी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की गई। ग्रुप डी कर्मचारियों के लिए 2016 में हुई भर्ती परीक्षा के लिए उनकी ओएमआर शीट में हेराफेरी सामने आई। जिन्हें 1 नंबर मिले थे, उनके 51 नंबर कर दिए गए और जिन्हें जीरो मिला था, उनके अंक 50 हो गए। 10 मार्च को हाई कोर्ट ने 842 ग्रुप सी कर्मचारियों पर गाज गिराई। इससे खुलासा हुआ है कि बड़े पैमाने पर सत्तारूढ़ पार्टी से संबंध रखने वाले लोगों को नौकरियां मिली हैं।

इसमें सालबोनी के विधायक श्रीकांत महतो के भाई, मंदिरबाजार सीट से विधायक जॉयद हलदर के बेटे, दक्षिण 24 परगना में डायमंड हार्बर नगर पालिका के पार्टी पाषर्द अमित साहा, बागदा के तृणमूल के पूर्व विधायक दुलाल बर की बेटी जैसे दर्जनों लोगों के नाम हैं। हालांकि अब दुलाल भाजपा की वाशिंग मशीन में धुलकर गेरु आ चोला पहन चुके हैं। अब तक हाई कोर्ट ने अवैध तरीकों से सरकारी स्कूलों के 3,623 लोगों की नियुक्तियां रद्द की हैं। ममता महसूस करें कि वे बंगाल के 9 करोड़ लोगों की मुख्यमंत्री हैं। अपनी पार्टी के कैडरों की नहीं। इसमें कोई शक नहीं कि बंगाल में भ्रष्टाचार संस्थागत रूप ले चुका है। पूर्व शिक्षा मंत्री से लेकर स्कूल सर्विस कमीशन के एक दर्जन से ज्यादा लोग सलाखों के पीछे हैं।

चाहिए था कि ममता दोषियों को बचाने की कोशिश के बदले न्यायिक प्रक्रिया से सहयोग कर तृणमूल और अपनी सरकार की गंदगी साफ करतीं। वे बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का ध्यान रखतीं। ऐसा करने पर हम फिर वही ममता देखते, जिसने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ जंग लड़कर 34 साल की वाम मोर्चा सरकार को उखाड़ फेंका था।

# अमेरिका वित्तीय क्षेत्र में हलचल

**प्रह्लाद सबनानी**

अमेरिकी वित्तीय क्षेत्र में बैंकों पर भारी संकट आ गया है। अभी तक दो बैंक (सिलिकॉन वैली बैंक एवं सिग्नेचर बैंक) बंद हो चुके हैं, और 6 अन्य छोटे आकार के बैंकों (फस्ट्र्ट रिपब्लिक बैंक, वेस्टर्न अलायंस बैंक, पैकवेस्ट, यूएमबी फायनेंशियल सहित) पर गंभीर संकट है।

इन बैंकों में रोकड़ एवं तरलता की समस्या पैदा हो गई है। इनके पास जमाकर्ताओं को भुगतान करने के लिए पर्याप्त राशि नहीं है। इन बैंकों के शेयरों की कीमत 14-30 प्रतिशत के बीच गिर चुकी है।

एक आकलन के अनुसार अमेरिका के 160 बड़े बैंकों (जिनके पास 500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि की आश्वस्तियां हैं) को 20,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है। अमेरिका की रेटिंग संस्थाओं स्टैंर्डड एंड पूअर्स एवं फिच ने कुछ बैंकों की रेटिंग घटाकर जंक श्रेणी में डाल दी है क्योंकि ये बैंक जमाकर्ताओं की राशि वापस करने की स्थिति में नहीं हैं। अमेरिका के सबसे बड़े बैंकों को भी आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इनके अमेरिकी बॉन्ड्स में निवेश की बाजार कीमत कम हो गई है। सिटी बैंक समूह को 4,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर, बैंक ऑफ अमेरिका को 2,120 करोड़ अमेरिकी डॉलर, जेपी मोर्गन चेज को 1,730 करोड़ अमेरिकी डॉलर, टरूइस्ट फायनेंसिशल को 1,360 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वेल्ज फार्गो को 1,340 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं यूएस बैंक कॉर्प को 1,140 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है। ये सभी बड़े बैंक हैं। इसलिए नुकसान को सहन कर जाएंगे परंतु छोटे बैंक तो विफल ही हो जाने वाले हैं।

दरअसल, अमेरिकी बैंकों में समस्या वहां के केंद्रीय बैंक यूएस फेड रिजर्व द्वारा लगातार यूएस फेड रेट में की जा रही वृद्धि के चलते पैदा हुई है। अमेरिका में सभी बैंकों ने अमेरिकी बॉन्ड्स में भारी निवेश किया हुआ है। पहले चूंकि अमेरिका में ब्याज दरें कम थीं, इसलिए इन बॉन्ड्स पर कूपन रेट (ब्याज दर) भी कम था और समय के साथ जैसे-जैसे अमेरिका में ब्याज दरों का बढ़ना शुरू हुआ, नये बॉन्ड्स बढ़ी हुई ब्याज दरों पर जारी किए जाने लगे। इसके कारण पुराने बॉन्ड्स की बाजार कीमत कम होती चली गई क्योंकि इन बॉन्ड्स पर कम ब्याज दर लागू थीं। इन बॉन्ड्स की बाजार कीमत इतनी कम होती गई कि वह इन बॉन्ड्स में निवेशित राशि से भी कम रह गई। अत: इन बैंकों को इन पुराने बॉन्ड्स पर भारी नुकसान हुआ है। इन बॉन्ड्स को आज में बाजार में बेचने पर इन बैंकों को अपने निवेश की राशि भी नहीं मिल पा रही है। इस प्रकार ये बैंक जमाकर्ताओं को राशि का भुगतान करने में असफल हो रहे हैं। अमेरिका के साथ ही अन्य कई विकसित देशों ने भी मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लगातार ब्याज दरों में वृद्धि की है। अत: यूरोपीयन देशों में भी बैंकों में इसी प्रकार की समस्या आ सकती है। क्रेडिट स्विस निवेश बैंक में तो यह समस्या दृष्टिगोचर भी है। इस बैंक के शेयर की कीमत पूंजी बाजार में 98 प्रतिशत तक गिर गई है।

दरअसल, विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा मुद्रास्फीति जो कोविड महामारी एवं रूस यूक्रेन युद्ध के चलते उत्पादों की आपूर्ति में आई कमी के कारण उत्पन्न हुई थी, को उत्पादों की मांग में कमी करने के उद्देश्य से, ब्याज दरों में वृद्धि कर नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा था। यह अपने आप में सही निर्णय नहीं कहा जा सकता क्योंकि उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाने के स्थान पर उत्पादों की मांग कम करने के प्रयास किए जा रहे थे, जो नकारात्मक निर्णय कहा जा सकता है। इसके चलते कई संस्थानों को तो कर्मचारियों की छंटनी भी करनी पड़ी है, और विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों के इस निर्णय ने इनके बैंकों के लिए भी गंभीर वित्तीय संकट खड़ा कर दिया है। प्रश्न है कि अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों के बैंकों के सामने आए इस वित्तीय संकट का प्रभाव क्या भारतीय बैंकों पर भी पड़ेगा। इसके उत्तर में स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि भारत में चूंकि केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने पूर्व में ही कई निर्णय लिए हैं, जिसके चलते भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति इस संदर्भ में बहुत सुदृढ़ हो गई है।

पिछले 8 वर्षो के दौरान केंद्र सरकार ने बैंकों की लगभग हर तरह की समस्याओं के समाधान के लिए ईमानदार प्रयास किए हैं। गैर-निष्पादक आश्वस्तियों से निपटने के लिए दिवाला एवं दिवालियापन संहिता लागू की गई है। देश में सही ब्याज दरों को लागू करने के उद्देश्य से मौद्रिक नीति समिति बनाई गई है। केंद्र सरकार ने इंद्रधनुष योजना लागू करते हुए सरकारी क्षेत्र के बैंकों को 3.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी उपलब्ध कराई है। 30 अगस्त, 2019 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने बैंकिंग क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाए जाने के उद्देश्य से सरकारी क्षेत्र के बैंकों के आपस में विलय की घोषणा की थी। सरकारी क्षेत्र के बैंकों की समेकन के माध्यम से क्षमता अनवरोधित (अनलॉक) करने के उद्देश्य से ही सरकारी क्षेत्र के बैंकों के आपस में विलय की घोषणा की गई थी। बैंकों के विलय में विशेष ध्यान रखा गया कि विलय से किसी ग्राहक को परेशानी न हो, ये तकनीक के लिहाज से एक ही ख़्रलेट्फार्म पर हों, इनकी कार्य संस्कृति एक ही हो तथा इनके व्यवसाय में वृद्धि दृष्टिगोचर हो। 2017 में भारत में सरकारी क्षेत्र के 27 बैंक थे लेकिन विलय के बाद ये 12 बैंक रह जाएंगे।

भारत में वर्गीकृत वाणिज्यिक बैंकों में पूंजी पर्याप्तता अनुपात 31 मार्च, 2022 को समाप्त अवधि में 16.7 प्रतिशत के सराहनीय स्तर पर पहुंच गया है जबकि अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार, बैंकों में पूंजी पर्याप्तता अनुपात न्यूनतम 8 प्रतिशत (एवं 2.5 प्रतिशत के पूंजी कंजर्वेटिव बफर को मिलाकर 10.5 प्रतिशत) होना बैंकों के लिए आवश्यक माना जाता है।

भारतीय बैंकों की उक्त वर्णित स्थिति के चलते रिजर्व बैंक की आज पूरी दुनिया में प्रशंसा हो रही है कि उसने भारतीय बैंकों को इतनी मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है। हाल में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर डॉ. शक्तिकांत दास को गवर्नर ऑफ द ईयर अवार्ड अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2023 के लिए सेंट्रल बैंकिंग, एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अनुसंधान जर्नल, की ओर से प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है।

## कार्रवाई और डर

पिछले विधानसभा चुनाव के वक्त तृणमूल कांग्रेस के बहुत सारे नेता भाजपा में चले गए थे, पर चुनाव नतीजों के बाद उनमें से अधिकतर वापस लौट आए। इसी से स्पष्ट हो गया था कि वहां के नेताओं में सत्तापक्ष की बदले की कार्रवाइयों का भय कितना काम करता है। जो पहले तृणमूल छोड़ कर गए थे, उन्हें तब यही लगा था कि सरकार भाजपा की बनेगी और वे सुरक्षित रहेंगे, मगर नतीजे उसके उलट आए तो वे इसी भय से वापस लौट आए कि सत्तापक्ष उन्हें परेशान कर सकता है। जो भाजपा में रह गए, वे सत्तापक्ष के निशाने पर हैं।

विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही तृणमूल छोड़ कर भाजपा में चले गए और ममता बनर्जी को सीधे चुनौती देते आ रहे शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ शिकंजे कसने शुरू हो गए थे। हालांकि भ्रष्टाचार के मामले में अधिकारी के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियां पहले से जांच कर रही थीं, मगर उनके भाजपा में शामिल होने के बाद वे ठहर गई थीं। फिर पश्चिम बंगाल सरकार ने उनके खिलाफ मुकदमे दायर कराए। इसे लेकर अधिकारी ने कोलकाता उच्च न्यायालय में निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई थी। मगर वहां से कोई सकारात्मक निर्देश न मिल पाने की वजह से उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिख कर गुहार लगाई कि पश्चिम बंगाल सरकार विपक्षी नेताओं के खिलाफ झूठे और मनगढ़ंत मुकदमे थोप कर परेशान कर रही है।

इस पर गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट तलब की है। हालांकि केंद्र और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच भी रिश्ते लगातार तनावपूर्ण बने रहते हैं। ममता बनर्जी केंद्र के हर फैसले को चुनौती देती देखी जाती हैं। इसलिए वे गृह मंत्रालय के ताजा निर्देश पर कितना सकारात्मक रुख दिखाएंगी, समझा जा सकता है। अगर गृह मंत्रालय इस मामले को तूल देगा, तो वे उसे सियासी रंग देने से परहेज नहीं करेंगी।

राजनीतिक दलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा लोकतंत्र के हित में होती है, मगर अब इसका लोप होता देखा जा रहा है। सत्ता में आते ही राजनीतिक पार्टियां अपने प्रतिद्वंद्वी को प्राय: रंजिश और बदले की भावना से सबक सिखाने का प्रयास करती हैं। ममता बनर्जी इस मामले में कुछ अधिक आक्रामक रुख अपनाती हैं। वे तो अपने किसी कार्यकर्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर खुद थाने तक में पहुंच जाती हैं। अगर उनके खिलाफ कोई व्यंग्य-चित्र बनाता है, तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है।

भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उनके कार्यकर्ताओं का खूनी संघर्ष अनेक मौकों पर देखा जा चुका है। जबकि एक राज्य की मुखिया होने के नाते उनसे संतुलित व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। हालांकि इस मामले में वे अकेली नहीं हैं। दूसरे राज्यों में भी यह प्रवृत्ति मौजूद है। खुद केंद्र सरकार भी ऐसे व्यवहार को लेकर लगातार सवालों के घेरे में बनी रहती है।



# लड़कियों को आलसी कहने वाले बयान पर

## सोनाली कुलकर्णी ने मांगी माफी

अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी इन दिनों चर्चा में बनी हुई हैं। सोनाली कूलकर्णी का एक वीडियो वायरल हूआ था, जिस में वो लड़कियों को आलसी बता रही थी। इस वीडियो के वायरल होने के बाद सोनाली को एक ओर जहां काफी सपोर्ट किया गया तो दूसरी ओर उन्हें काफी ट्रोल भी किया गया। ऐसे में सोनाली ने अब इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिस में उन्होंने माफी मांगी है। सोनाली ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में सोनाली ने एक नोट शेयर किया और लिखा, डियर ऑल, ये जो प्रतिक्रिया मिल रही है, उससे मैं अभिभूत हूं। मैं आप सभी को शुक्रिया कहना चाहूंगी, खास तौर पर पूरे प्रेस और मीडिया को मुझसे जुड़ने के लिए। खुद एक महिला होने के नाते मेरा इरादा दूसरी महिलाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं था। वास्तव में, मैंने हमारे समर्थन में बार-बार खुद को खूब एक्सप्रेस किया है और यह एक महिला होने के नाते क्या है मैं सराहना करने या आलोचना करने के लिए व्यक्तिगत रूप से मेरे पास पहुंचने के लिए आप सभी की आभारी हूं कि हम विचारों का अधिक खुला आदान-प्रदान कर पाएंगे। अपनी क्षमता के मुताबिक से न केवल महिलाओं के साथ, बल्कि पूरी मानव जाति के साथ सोचने, समर्थन करने और विचार साझा करने की कोशिश कर रही हूं।

**मैंने इस घटना से बहुत कुछ सीखा है...**

सोनाली कुलकर्णी आगे कहती हैं, यह तभी मजबूत होगा जब हम महिलाएं अपनी कमजोरियों और ज्ञान के साथ निष्पक्ष रूप में चमकें। अगर हम इनक्लूसिव और एम्पैथेटिक होंगे, तो हम स्वस्थ और खुशहाल जगह बनाने में सक्षम हो पाएंगे। यदि अनजाने में मेरी वजह से किसी को दर्द हुआ हो तो मैं अपने दिल की गहराई से माफी मांगना चाहती हूं। मैं सुर्खियों में नहीं आती और न ही मैं सनसनीखेज न्यूज का सेंटर बनना चाहती हूं। मैं एक आशावादी हूं और मेरा विश्वास है कि जीवन वास्तव में सुंदर है। आपके धैर्य और समर्थन के लिए धन्यवाद। मैंने इस घटना से बहुत कुछ सीखा है।

**लड़कियां आलसी हैं...**

गौरतलब है कि सोनाली ने कहा था, भारत में बहुत सारी लड़कियां आलसी हैं, उनको ऐसा बॉयफ्रेंड या पति चाहिए जिसके पास अच्छी नौकरी हो, जिसके पास घर हो... जिसको अशोरेंस हो कि इंक्रीमेंट मिलेगा। लेकिन उस लड़की में इतनी हिम्मत नहीं है कि वो कह पाए कि मैं क्या करूंगी जब तुम मुझसे शादी करोगे। मैं आप सभी से कहना चाहती हूं कि अपने घर में ऐसी स्त्रियों का निर्माण कीजिए, जो काबिल हों। जो अपने आप के लिए कमा पाएं.... जो कह पाएं कि हां हमें नया फ्रिज लेना है ना, आधे पैसे तुम दो आधे पैसे मैं दूंगी। मैं झगड़े की बात नहीं कर रही हूं, लेकिन उस में इतनी काबिलियत हो।

**लड़कों पर होता है प्रेशर...**

करीब 5 मिनट के वीडियो में सोनाली ने अपनी एक दोस्त का उदाहरण देते हुआ कहा कि उनकी दूर की एक दोस्त हैं.. वो शादी के लिए लड़का ढूंढ रही थी, तो उसने कहा कि उसे ऐसा लड़का चाहिए था जिसकी सैलरी 50 हज़ार से कम ना हो। अच्छा होगा कि वो अलग रहता है, किसको चाहिए सास-ससुर का झंझट। ये बात सुनकर सोनाली ने उससे कहा था कि तुम्हें आदमी चाहिए या मॉल के ऑफर्स। उन्होंने अपनी बात में आगे जोड़ा कि 18 साल की उम्र छूते ही लड़कों पर प्रेशर होता है कि मस्ती खत्म अब कमाना है.... फैमिली को सपोर्ट करना है, उन्होंने कहा कि उन्हें अपने पति, अपने भाइयों के लिए रोना आता है।

**लड़कियों का डिमांडिग नेचर बढ़ रहा है...**

सोनाली ने आगे बताया कि कैंपस सिलेक्शन के बाद उनके पति को 20 साल की उम्र में नौकरी करनी पड़ी थी। जबकि लडकियां 25-27 साल की होने तक भी सोचती रहती हैं कि क्या करना है... वो अपने बॉयफ्रेंड पर प्रेशर बनाती रहती हैं। बातचीत में सोनाली ने शादी, डेस्टिनेशन वेडिंग्स तक का जिक्र किया। सोनाली ने ये भी कहा कि सभी महिलाएं ऐसी नहीं होती है, लेकिन लड़कियों का ये डिमांडिग नेचर काफी बढ़ता जा रहा है। अपनी बात में कहा कि लड़कियों को सिर्फ खाना नहीं बनाना चाहिए... बल्कि उससे आगे की ज़िम्मेदारी भी लेनी चाहिए।





### कृष्णा अभिषेक-चंदन प्रभाकर ने क्यों छोड़ा कपिल शो?

# कॉमेडी किंग ने तोड़ी चुप्पी

कॉमेडी किंग कपिल शर्मा की फिल्म 'ज्विगाटो' आज रिलीज हो गई है. फिल्म में कपिल की एक्टिंग की तारीफ हर कोई कर रहा है. कॉमेडियन ने मूवी का प्रमोशन करने में कोई कसर नहीं छोड़ी. इस बीच एक इंटरव्यू में उन्होंने कृष्णा अभिषेक, चंदन प्रभाकर और अली असगर के लोकप्रिय शो द कपिल शर्मा शो छोड़ने के बारे में बात की है. उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई. कपिल शर्मा शो दर्शकों को काफी पसन्द है. शो में इस बार कृष्णा अभिषेक नजर नहीं आए. जबकि शो को चंदन प्रभाकर, अली असगर, उपासना सिंह भी अलविदा कह चुके है. एक टीवी चैनल से इंटरव्यू में कपिल ने बताया कि किस वजह से उनके को-स्टार्स ने शो छोड़ा. उन्होंने कहा कि, इनसे पूछिए, ये ये क्यों नहीं रुके, मैं तो अपनी ही जगह पर हू. मेरी सुनील (ग्रोवर) से लड़ाई हुई, ये सबको पता है. भारती सिंह को अगर आप इंस्टाग्राम पर देखते हैं तो हम साथ में बैठते है. भारती ने अपना प्रोडक्शन हाउस शुरू किया है. वह अपना काम खुद कर रही हैं और काफी बिजी है. कपिल शर्मा ने आगे बताया कि ऐसा नहीं है कि जो चले गए हैं, उनकी मुझसे लड़ाई हुई है. उपासना सिंह फिल्मों में शानदार काम कर रही है. कृष्णा एक अच्छा दोस्त है. इसलिए सुनील को छोड़कर बाकी सभी को आप एक ही कैटेगरी में नहीं रख सकते. कॉमेडी किंग ने ये भी कहा कि वो अब निर्माता नहीं है. अगर किसी को कांट्रैक्ट को लेकर कुछ इश्यू है और वो इसे छोड़ रहा है तो इसमें मेरा कोई रोल नहीं है. वो किसी आर्टिस्ट को उनसे उनकी फी कम करने के लिए कह सकते है.



## कपिल को लगा तगड़ा झटका !

फेमस कॉमेडियन व एक्टर कपिल शर्मा की फिल्म ज्विगाटों 17 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। लेकिन रिलीज होते ही फिल्म को लेकर एक बूरी खबर सामने आई है। दरअसल, ज्विगाटों रिलीज के कुछ घंटो बाद ही ऑनलाइन लीक हो गई है। जो पहले से ही कई साइटों पर फ्री में डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। जी हां, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पहले ही दिन फिल्म पायरेसी का शिकार हो गई है और मुफ्त में वीरुलज़, टेलीग्राम, तमिलरॉकर्स जैसी पायरेटेड साइटों पर डायउनलोड के लिए अवेलेबल है। फिल्मीजिला, तमिलरॉकर्स, टेलीग्राम और अन्य साइटों पर सर्च कर सकते हैं। फिल्म का पहले ही दिन यूं लीक होना मेकर्स के लिए बड़ा नुकसान साबित हो सकता है। जिससे इसकी कमाई पर काफी असर पड़ेगा। वैसे ही ओपनिंग डे पर फिल्म ज्यादा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। पहले ही दिन ज्विगाटों ने सिर्फ 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया है।

**-इन फिल्मों से है ज्विगाटो की टक्कर**

बता दें कि, कपिल शर्मा की ज्विगाटो के साथ ही रानी मुखर्जी की मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे रिलीज हुई है। जिससे भी इसकी कमाई पर असर पड़ा है। वहीं, रणबीर कपूर श्रद्धा कपूर स्टारर तू झूठी मैं मक्कार अभी तक थिएटर्स में जमी हुईं हैं।




## नंदिता दास ने ज्विगाटो के जरिए गंभीर मुद्दे पर लोगों का खींचा ध्यान

फिल्ममेकर-एक्ट्रेस नंदिता दास की नई फिल्म ज्विगाटो एक गिग वर्कर की मानवीय कहानी बताती है, जो टाइटैनिक फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के साथ काम करती है। नंदिता ने बताया कि बढ़ती बेरोजगारी और गिग वर्क की जटिलता के बारे में अपने प्रकाशक दोस्त समीर पाटिल के साथ चर्चा के दौरान फिल्म का विचार आया। फिल्म निर्माता ने कहा फिर हमने एक डिलीवरी राइडर के जीवन में एक दिन के बारे में एक शॉर्ट फिल्म लिखना शुरू किया। फिर अप्लॉज एंटरटेनमेंट के सीईओ समीर (नायर) ने मुझे एक फीचर फिल्म के लिए इसका विस्तार करने के लिए प्रेरित किया। मैंने इसकी गहराई से जाना शुरू किया, मैं मानवीय पहलुओं और श्रमिकों के जीवन के प्रति आकर्षित होती चली गई। नंदिता ने कहा गिग इकॉनमी के उदय के साथ, आदमी और मशीन के बीच का संघर्ष जिसे चैपलिन ने मॉडर्न टाइम्स में दर्शाया था, अब आदमी और एल्गोरिदम के बीच एक में स्थानांतरित हो गया है। ज्विगाटो जीवन की निरंतरता के बारे में एक कहानी है। फिल्म शुरू करने से पहले, मैं प्रोत्साहन और एल्गोरिदम की दुनिया को उतना ही समझती थी जितना कि मेरे नायक ने किया था! जैसे-जैसे मैं गहराई में जाती गई, मुझे गिग इकॉनमी के बारे में जो कुछ पता चलता गया, उससे मैं और अधिक परेशान होती गयी। हमने कई राइडर्स का इंटरव्यू लेकर तथ्यों के साथ-साथ व्यक्तिगत कहानियां भी इकट्ठी कीं। उनके संघर्षों, दुविधाओ और आकांक्षाओं ने मुझे उनकी दुनिया को करीब से समझने में मदद की। नंदिता और उनकी टीम ने फूड डिलीवरी कंपनियों के पूर्व कर्मचारियों से भी बात की और फूड डिलीवरी ऐप के एनालिटिक्स विभागों के वरिष्ठ प्रबंधकों से भी बात की। नंदिता ने कहा, इन वातार्लापों ने हमें ऐप और एल्गोरिदम में किए गए बदलावों और इस तरह के बदलावों के पीछे विचार प्रक्रिया को समझने में मदद की। जबकि यह सब फिल्म में नहीं है, यह समझना महत्वपूर्ण था कि गिग इकॉनमी में चीजें कैसे काम करती हैं। डिलीवरी जितनी दूर होती है, राइडर को उतना ही अधिक फ्यूल पर खर्च करना पड़ता है। उन्हें अपने क्षेत्र से बाहर जाने के लिए पेट्रोल शुल्क मिलता है, लेकिन लौटने के लिए नहीं, और यह केवल भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया में हर जगह है। इस तरह की मानवीय कहानी के लिए कपिल शर्मा के रूप में एक टीवी सुपरस्टार को चुनने के बारे में पूछे जाने पर, फिल्म निर्माता ने कहा कि यह निर्णय उनकी सहजता से प्रेरित था। कपिल को कास्ट करना कोई बहादुरी का काम नहीं था, मैंने उन्हें स्वाभाविक, बेहिचक और स्पष्टवादी पाया। मैंने उनका शो कभी नहीं देखा, लेकिन क्लिप में मैंने देखा कि वह मेरे किरदार मानस के लिए सही हैं। मैं उनसे मिलने पहुंची और फिल्म का ऑफर दिया, उन्होंने कहानी सुन तुरंत हां कर दी। उन्होंने कहा, एक फिल्म में कास्टिंग बेहद महत्वपूर्ण है। यदि पात्र विश्वसनीय हैं, तभी दर्शक विश्वास कर पाते हैं और किरदारों से जोड़ पाते हैं।



## कार्तिक ने किया अपनी शादी का ऐलान



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ) ने अपनी शादी का ऐलान कर दिया है। कार्तिक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। ये वीडियो एक इवेंट का है, जहां कार्तिक काफी मजेदार अंदाज मे अपनी शादी की बात करते दिख रहे हैं। कार्तिक कहते हैं कि बॉलीवुड में एक बाद एक सबके बैंड बज रहे हैं, सारे घोड़ी चढ़ रहे हैं, सबके विकेट गिट रहे हैं। लेकिन एक विकेट अब तक नहीं गिरा। कार्तिक आर्यन के इस वीडियो ने फैन्स को काफी एक्साइटिड कर दिया है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में कार्तिक आर्यन, जी सिने मंच के स्टेज पर ढोल-नगाड़ों के साथ एंट्री करते हैं और अपनी शादी का ऐलान करते हैं। कार्तिक कहते हैं, हंसते-हंसते, सबको नमस्ते। आप सब सोच रहे होंगे मैं यहां बैंड बाजा लेकर क्यों आया हूं।

## भाभी जी घर पर हैं की अनीता भाभी के घर जल्द गूंजेगी किलकारी!

टीवी जगत से हाल ही में एक खुशखबरी सामने आई है। एक्ट्रेस विदिशा श्रीवास्तव के घर जल्द ही बच्चे की किलकारियां गूंजने वाली है। जी हां, विदिशा प्रेग्नेंट हैं और वह जून में अपने पहले बच्चे का स्वागत करेंगी। शादी की तरह ही उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर भी चुप्पी साधी हुई है। हालांकि, इस खुशखबरी के बाद उनके फैंस काफी खुश नजर आ रहे हैं। विदिशा के शो के जुड़े एक सूत्र ने बताया, विदिशा छह महीने की प्रेग्नेंट हैं। लोग अभी तक इसका पता नहीं लगा पाए हैं, क्योंकि उनका बेबी बंप बहुत स्पष्ट नहीं है। डिलीवरी के बाद वह करीब तीन महीने का मैटरनिटी ब्रेक लेंगी। हम एपिसोड और उसके दश्यों का एक बैंक पहले से तैयार रखेंगे ताकि ब्रेक शो को प्रभावित न करे। जब सौम्या टंडन (असली अनीता भाभी) चार महीने के मैटरनिटी ब्रेक पर गईं तो ठीक ऐसा ही हमने किया था। बता दें, विदिशा श्रीवास्तव एक्ट्रेस होने के साथ-साथ मॉडल भी हैं। उन्होंने साउथ मूवीज में भी काम किया है। कहत हनुमान जय श्री राम में देवी पार्वती का किरदार निभाकर वह काफी फेमस हुई थीं। उन्होंने साल 2005 में अभिमानी मूवी से तेलुगू इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। साल 2017 में ये हैं मोहब्बतें सीरियल से उन्होंने टीवी की दुनिया में कदम रखा। इन दिनों वो भाभी जी घर पर हैं टीवी सीरियल में अनीता विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभा रही है।

## कमाल राशिद खान पर फिर लटकी गिरफ्तारी की तलवार!

कमाल राशिद खान उर्फ के आर के एक बार फिर सुर्खियों में बने हुए हैं। बॉलीवुड सितारों से पंगा लेना तो इनकी आदात सी बन गई हैं। इस बार उन्होने मनोज बाजपेयी से झगड़ा मोल लिया है, जिसकी अब इन्हे अच्छी भरपाई करनी पड़ेगी। जी हां, के आर के पर एक बार गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। इंदौर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने केआरके के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया है। दो साल पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर मनोज बाजपेयी को नशेड़ी बता दिया था। इस बयान से खफा मनोज बाजपेयी ने कमाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिस पर सुनवाई के दौरान अब कोर्ट ने सख्त कार्रवाई की है। याद दिला दें कि कमाल राशिद खान उर्फ केआरके ने 26 जुलाई 2021 को दो ट्वीट किए थे। इन ट्वीट में उन्होंने बॉलीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी के लिए चरसी-गंजेड़ी जैसे शब्दों के इस्तेमाल किया था। एक्टर को केआरके की ये हरकत बिल्कुल भी रास नहीं आई और उन्होंने इस मामले में कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मनोज वाजपेयी की इसी शिकायत पर अब इंदौर कोर्ट ने कड़े कदम उठाते हुए केआरके के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। दरअसल, साल 2021 में मनोज बाजपेयी की वेब सीरीज द फैमिली मैन 2 रिलीज हुई थी। इसे देखने के बाद केआरके ने एक्टर के लिए काफी भला बुरा कहा। उन्होंने कहा कि ये कैसा शख्स है जिसकी बेटी और पत्नी दोनों के ब्वॉयफ्रेंड हैं। साथ ही एक्टर को नशेडी और गंजेड़ी भी कहा था।



# जॉब फेयर के पहले दिन 3600 युवाओं को मिला रोजगार, गहलोत बोले- सुशासन देने में आईटी की भूमिका अहम

जयपुर/जोधपुर, 20 मार्च (एजेंसी)। सीएम गहलोत ने जोधपुर में 200 करोड़ रुपये लागत से तैयार होने वाले राजीव गांधी नॉलेज सर्विस एंड इनोवेशन हब का शिलान्यास सोमवार को जयपुर से वीसी के माध्यम से किया। यह संस्थान स्टार्ट अप्स और सर्विस प्रोफेशनल्स को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ इनोवेटिव विचारों को धरातल पर उतारने के लिए आधारभूत ढांचा खड़ा करेगा। यह संस्थान प्लग एंड प्ले मॉडल पर आधारित होगा। यहां डब्ल्यू-हब के नाम से महिला इनोवेटर्स के लिए अलग स्पेस उपलब्ध करवाया जाएगा। इससे राज्य में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन मिलेगा और प्रदेश में आर्थिक विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

गहलोत ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री आश्रित सेवा योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत राज्य सरकार आवागमन में असमर्थ लाभार्थियों को चिन्हित कर उनसे संपर्क करेगी। चिन्हित व्यक्तियों के पास सर्विस प्रोवाइडर को भेजकर सरकारी सर्विसेस का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री आश्रित सेवा के पहले चरण में दिव्यांगजन, वृद्धजन, एकल नारी, विधवा महिलाएं, पालनहार को मुख्यमंत्री आश्रित सेवा योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इन लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से घर बैठे जोड़ा जा सकेगा।

गहलोत ने जन आधार ई-वॉलेट भी लॉन्च किया। इसके माध्यम से राज्य सरकार की ओर से लाभार्थियों को दिए जा रहे नकद राशि और गैर-नकद राशि के वाउचर्स मिल सकेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजस्थान डिजिटल यात्रा रिपोर्ट का विमोचन भी किया।

गहलोत सोमवार को आईटी डे के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों से प्रदेश आज आईटी के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार सभी योजनाओं को आईटी आधारित बनाने की संकल्पना को आगे बढ़ा रही है।

आईटी दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों से देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए नई पीढ़ी तैयार हो रही है। आईटी के प्रयोग से राज्य सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।

हैकॉथान में 60 से ज्यादा देशों के एक लाख प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने हैकॉथान में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने प्रतिभागियों के प्रोजेक्ट और भविष्य की संभावनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हैकॉथान के नवाचार गुड गवर्नेंस में मददगार साबित होंगे। इसमें आने वाले सर्वश्रेष्ठ तीन प्रोजेक्ट्स को राज्य सरकार द्वारा उपयोग में लिया जाएगा और 50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को संवेदनशील, पारदर्शी, जवाबदेह सुशासन देने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसमें सूचना प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने आईटी के माध्यम से देश को 21वीं सदी से जोड़ने का सपना देखा था। आज राज्य सरकार द्वारा आईटी के बजट में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के माध्यम से करोड़ों प्रदेशवासियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर फायदा दिलाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान स्वास्थ्य, शिक्षा से लेकर सभी क्षेत्रों में आगे है। स्वास्थ्य बीमा कवरेज में राजस्थान पूरे देश में पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 25 लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा राशि का प्रावधान किया गया है, जो देश में सर्वाधिक है। नए उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने से लेकर नए मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई खोलने में केन्द्र सरकार के मानकों पर राजस्थान पहले स्थान पर है। पहले जहां राज्य के स्टूडेंट्स को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता था। वहीं, आज आईआईटी, एम्स, निफ्ट, ट्रिपल आईटी, एमएनआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान राज्य में स्थापित हुए हैं। देश का सबसे बड़ा आईपीडी टॉवर राज्य में बन रहा है। सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के लिए देश के पहले शांति और अहिंसा विभाग की स्थापना राज्य में की गई है। सबसे अधिक सरकारी नौकरियां भी राज्य में दी जा रही हैं, ताकि युवाओं को एक सुरक्षित भविष्य मिल सके। राज्य सरकार ने 19 नए जिले बनाए ताकि छोटी प्रशासनिक इकाईयां स्थापित कर सुशासन सुनिश्चित किया जा सके।

गहलोत ने कहा कि देश में पिछली सरकारों द्वारा कानून बनाकर खाद्य सुरक्षा, सूचना और शिक्षा के अधिकार दिए गए। राज्य में सबसे पहले आरटीआई एक्ट लागू हुआ। राज्य सरकार ने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू की है। इससे उनमें अपने भविष्य के प्रति सुरक्षा की भावना आई है। आज केन्द्र सरकार को कानून बनाकर आमजन को सामाजिक सुरक्षा देनी चाहिए। कई लोकतांत्रिक देशों में कमजोर तबकों को कानून बनाकर




सामाजिक सुरक्षा दी जा रही है।

इस दौरान आईटी नवाचारों के माध्यम से विभिन्न प्रशासनिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य के अधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा ई-गवर्नेंस राजस्थान अवार्ड से सम्मानित किया गया। श्रीगंगानगर कलक्टर रुक्मिणि रियार सिहाग, चित्तौड़गढ़ कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल, बीकानेर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम, आरजीएचएस परियोजना निदेशक शिप्रा विक्रम, जयपुर जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी जसमीत सिंह संधू को ए-वन और ए-टू श्रेणियों में ई-गवर्नेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही, 20 अधिकारियों-कर्मचारियों को बी-वन ,बी-टू श्रेणियों में ई-गवर्नेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

गहलोत ने निजी क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्टार्ट-अप्स और उद्यमियों को राजीव गांधी इनोवेशन चैलेंज सम्मान दिया। इन पुरस्कार विजेताओं को 6.10 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि दी गई। इनमें अजेयता शाह, निखिल बाहेती, शिवराम चौधरी, अनुज आहूजा,टीकमचंद जैन को प्रथम पुरस्कार मिला। पूरन सिंह राजपूत को द्वितीय, हिमीश अग्रवाल, ध्रुव दत्ता, प्राची गौड, सारिका गुप्ता और अयाज को तृतीय पुरस्कार मिला।

साथ ही, मुख्यमंत्री ने जॉब फेयर में उत्कृष्ट पैकेज प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ऑफर लैटर प्रदान किए। इनमें राकेश सागर, टी पवन कुमार, सुमित पहाड़ी, निखिल और जेठाराम भाटी ने विभिन्न कंपनियों से क्रमशः 33 लाख, 30 लाख, 18 लाख, 9 लाख ,5 लाख रुपए के वार्षिक पैकेज प्राप्त किए। जॉब फेयर में अब तक लगभग 3600 युवाओं को रोजगार मिल चुका है।

# पीएम मोदी आज गुजरात के सांसदों के साथ करेंगे बैठक



नई दिल्ली, 20 मार्च (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपने गृह राज्य गुजरात से आने वाले सभी भाजपा सांसदों के साथ बैठक करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बैठक के लिए सांसदों को मंगलवार शाम को डिनर के लिए आमंत्रित किया है।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बुलाई गई इस डिनर बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत गुजरात से आने वाले भाजपा के सभी सांसद मौजूद रहेंगे। बताया जा रहा है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर जेपी नड्डा भी इस बैठक में शामिल हो सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी अपने सांसदों से उनके द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे कामकाज के बारे में चर्चा कर सकते हैं। प्रधानमंत्री कई बार पार्टी के संसदीय दल की बैठक में सांसद खेल स्पर्धा, मोटे अनाज के प्रचार-प्रसार, तालाब खुदवाने और जी-20 से जुड़े कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार सहित अन्य कई सामाजिक कार्यों को जोर-शोर से करने का आह्वान पार्टी सांसदों से करते रहे हैं। माना जा रहा है कि इस डिनर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री इन कार्यों से जुड़े फीडबैक भी सांसदों से ले सकते हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का कितना फायदा लोगों तक पहुंच पा रहा है और इसका कितना प्रचार-प्रसार हो रहा है, इसे लेकर भी पीएम मोदी बैठक में चर्चा कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी आमतौर पर संसद सत्र के दौरान विभिन्न राज्यों के सांसदों से अलग-अलग मुलाकात करते रहते हैं लेकिन गुजरात के सांसदों के साथ उनकी इस बैठक को 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# राजस्थान में एक दिन में कोविड-19 के 30 मामले दर्ज, 2 लोगों की मौत

जयपुर, 20 मार्च (एजेंसी)। राजस्थान में रविवार को कोविड-19 के 30 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं और दो लोगों की मौत हुई है। जबकि राज्य में एक्टिव केसों की कुल संख्या 117 हो गई है। कोरोना के केस बढ़ने से लोगों की चिंता भी बढ़ गई है।

कोरोना के कारण एक मौत भीलवाड़ा और दूसरी जयपुर में हुई। भीलवाड़ा जो कभी कोविड संक्रमण का हॉटस्पॉट बन गया था, उसमें 19 एक्टिव केस हैं वहीं उदयपुर में 29, जयपुर में 23, बीकानेर में 12, राजसमंद में 11, जोधपुर में 7, जालौर में 5, हनुमानगढ़, गंगानगर, कोटा और भरतपुर में एक-एक केस है।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने पुष्टि की कि रविवार को कुल 2,137 नमूनों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 30 लोग पॉजिटिव पाए गए। शनिवार को राज्य ने 24 नए केस दर्ज किए गए थे और एक व्यक्ति की मौत हुई थी। व्यक्ति की मौत भीलवाड़ा में हुई थी।

भीलवाड़ा के जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने कहा कि वर्तमान में कोरोना संक्रमण फैल रहा है और संख्या तेजी से बढ़ सकती है। मैं भीलवाड़ा जिले के निवासियों से सभी कोविड दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील करता हूं। बार-बार हाथ धोएं, मास्क का प्रयोग करें और भीड़-भाड़ से बचें।

इससे पहले, चार ऑस्ट्रेलियाई पर्यटकों की पिछले बुधवार को कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी, जिन्हें एहतियात के तौर पर यहां राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (आरयूएचएस) में निगरानी में रखा गया था।

आरयूएचएस के अधिक्षक अजीत सिंह ने बताया कि सवाई माधोपुर के एक होटल में ठहरे चार आस्ट्रेलियाई लोगों के कोविड-19 से संक्रमित पाये जाने के बाद उन्हें जयपुर लाया गया था। सिंह ने कहा कि चार में से तीन में लक्षण हैं जबकि एक को कोल्ड है।

इस बीच, एक स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा, सैंपलिंग और सर्विलांस यहां एक नियमित विशेषता रही है। पिछले कुछ दिनों में तापमान में गिरावट के कारण मामले बढ़े हैं। जरूरत पड़ी तो सैंपलिंग की प्रक्रिया बढ़ाई जाएगी।

# कांग्रेस 23-29 मार्च तक गिनाएगी बीजेपी सरकार की नाकामियां

भोपाल, 20 मार्च (एजेंसी)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव को आठ माह ही बचे है। इससे पहले कांग्रेस भाजपा सरकार पर हमलावर हो गई है। 20 मार्च 2020 को हुए दलबदल के दिन को कांग्रेस ने गद्दार दिवस के रूप में मनाया। कांग्रेस ने ऐलान किया है कि 23 मार्च से 29 मार्च तक हर दिन भाजपा सरकार की जनविरोधी नीति और झूठी घोषणाओं को जनता को बताएगी। कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस आगामी 23 से 29 मार्च पूरे एक सप्ताह तक लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के रूप में मनाएगी। प्रतिदिन पार्टी के वरिष्ठ नेता जिलों/शहरों में प्रेस वार्ताएं लेकर शिवराज सरकार की जनविरोधी नीतियों, झूठी घोषणाओं, कभी न पूरे होने वाले शिलान्यासों के फरेब से आमजन को अवगत कराएंगे।

मिश्रा ने प्रदेश को मद्य प्रदेश कहते हुए कहा कि आर्थिक आपातकाल लग चुका है। प्रदेश में 3.80 लाख करोड़ के कर्ज के बोझ के तले दब चुका है। यानी प्रदेश में पैदा होने वाला हर बच्चा 50 हजार रुपए के कर्ज का बोझ लेकर अपना जन्म ले रहा है।

राज्य सरकार ने महज 55 दिनों में 20 हजार करोड़ का कर्ज लिया, सिर्फ 2023 में ही सात मर्तबा कर्ज लिया, पिछले सप्ताह ही 3000 करोड़ का कर्ज लिया, अब फिर 2000 करोड़ का कर्ज ले रही हैं। बावजूद इसके हमारे घोषणावीर मुख्यमंत्री जी घोषणाएं ऐसी कर रहे हैं जैसे कुबेर का खजाना इनकी ही जेब में है! कर्ज बोझ की इन गंभीर परि स्थितियों को देखते हुए यह कहना प्रासंगिक होगा कि घर में नहीं हैं दाने-मामा चले भुनाने। मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि प्रदेश की आर्थिक बदहाली और कर्ज की लांघती हुई सीमा पर राज्य सरकार श्वेत-पत्र जारी करे।

# जामताड़ा के 22 साइबर क्रिमिनल्स की संपत्ति जब्त कर सकती है ईडी

रांची, 20 मार्च (एजेंसी)। ईडी जल्द ही जामताड़ा के 22 बड़े साइबर क्रिमिनल्स की संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर सकती है। पुलिस के साइबर सेल ने उनकी संपत्ति के बारे में ईडी को रिपोर्ट भेजी है। चिन्हित किए गए साइबर क्रिमिनल्स में से प्रत्येक ने लाखों-करोड़ों की संपत्ति बनाई है।

पुलिस ने इन्हें पूर्व में गिरफ्तार भी किया था, लेकिन जमानत पर रिहा होने के बाद इन्होंने दुबारा ठगी शुरू कर दी।

पुलिस के ऑफिशियल सोर्सेज ने बताया कि जिन साइबर क्रिमिनल्स की संपत्ति का सर्वे अंचल कार्यालय की मदद से कराया गया है, उनमें ज्यादातर जामताड़ा जिले के करमाटांड़ और नारायणपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। 50 लाख से अधिक की संपत्ति वाले अन्य साइबर क्रिमिनल्स का भी ब्योरा जुटाया जा रहा है। इसके लिए सर्वे की टीमें लगाई गई हैं।

बता दें कि इसके पहले जामताड़ा साइबर थाने की पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर वर्ष मामला दर्ज करते हुए ईडी ने 2021 में नारायणपुर थाना क्षेत्र के गिरगा गांव के प्रदीप मंडल और उसके करीबियों की 66 लाख की संपत्ति ईडी जब्त की थी। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जामताड़ा के युगल मंडल और देवघर के संतोष यादव को भी अभियुक्त बनाया है। प्रदीप मंडल पर एक करोड़ की ठगी और युगल मंडल व अन्य पर 99 लाख की ठगी और संतोष यादव पर 50 लाख की ठगी का आरोप है।

इधर, राज्य सरकार ने भी साइबर अपराधियों के खिलाफ कठोर कानून बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए सीआईडी मुख्यालय एक ड्राफ्ट तैयार कर रहे हैं। सीआईडी के आईडी असीम विक्रांत मिंज और एसपी एस कार्तिक को यह ड्राफ्ट तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस ड्राफ्ट पर कानूनी विशेषज्ञों से राय ली जाएगी और उसके बाद इसे पुलिस मुख्यालय के जरिए राज्य सरकार के पास भेजा जाएगा। इसमें सख्त सजा से लेकर अपराधियों द्वारा खुद और अपने परिजनों के नाम पर जुटाई गई संपत्ति को राज्य पुलिस द्वारा जब्त किए जाने का प्रावधान किया जा सकता है।

# प्रो. संजय बी चोरड़िया को शिक्षाश्री सम्मान से नवाजा




अनुगामिनी ब्यूरो

मुंबई, 20 मार्च। भारत सरकार द्वारा पंजीकृत शिक्षादान अभियान फेडरेशन संस्था द्वारा यहां जुहू विले पार्ले स्थित जिमखाना क्लब में शिक्षाश्री सम्मान समारोह का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में क्रियाशील विशिष्ट व्यक्तित्वजनों को शिक्षाश्री सम्मान अवार्ड से भी नवाजा गया। इनमें पुणे स्थित विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थान सूर्यदत्ता एजुकेशन फाउंडेशन के फाउंडरचेयरमैन डायनेमिक पर्सनैलिटी प्रो. डॉ संजय बी चोरड़िया को शिक्षाश्री सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाराष्ट्र सरकार में फॉरेस्ट एवं कल्चरल अफेयर्स मिनिस्टर सुधीर मुनगंटीवार के साथ फिल्म निर्माता एवं अभिनेता धीरज कुमार ने शिरकत की।

आयोजक डॉ राजेश श्रीवास्तव एवं सह आयोजक राजेश खंडेलवाल ने बताया कि एक्सीलेंसी अवार्ड के तहत भारत सहित इंडोनेशिया, ओमान, मस्कट आदि देशों के विशिष्ट गणमान्यजनों का भी अवार्ड मेमेंटो देकर सत्कार किया गया। इस दौरान काउंसिल जनरल ऑफ इंडोनेशिया अगस सेप्टोनो, काउंसिल जनरल सल्तनत ऑफ ओमान जमील अलबलूसी, काउंसिल जनरल ऑफ पनामा जीसस केंपोस, बॉलीवुड कलाकार धीरज कुमार, कॉमेडियन सुनील पाल सहित फिल्म एंड टीवी इंडस्ट्री से जुड़ी अनेक शख्सियतें मौजूद रही।

केबिनेट मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने सभी अवार्डियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान समारोह निश्चित ही अवार्ड लेने वालों के साथ ही देश एवं प्रदेश के लिए भी गौरव प्राप्त करने जैसा है। कार्यक्रम में सूर्यदत्ता ग्रुप की ओर से भी रजत जयंती वर्ष के तहत अतिथियों एवं सम्मानित हुए लोगों को विशेष स्कार्फ ओढ़ाकर एवं मेमेंटो भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान फिल्म टुडे मासिक मैगजीन के नवीनतम अंक को भी जारी किया गया। आगंतुक जनों का स्वागत राजेश श्रीवास्तव ने किया, जबकि सभी का आभार राजेश खंडेलवाल ने जताया। कार्यक्रम में संचालन की भूमिका सुनील पॉल व एंकर नादिया ने निभाई।

# 36 वनवेब उपग्रह 26 मार्च को लॉन्च किए जाएंगे : इसरो

चेन्नई, 20 मार्च (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने सोमवार को कहा कि वह 26 मार्च की सुबह ब्रिटेन स्थित नेटवर्क एक्सेस एसोसिएटेड लिमिटेड (वनवेब) के 36 उपग्रहों को लॉन्च करेगी।

एक ट्वीट में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा: एलवीएम3-एम3/वनवेब इंडिया-2 मिशन: लॉन्च 26 मार्च, 2023 को एसडीएससी-शार, श्रीहरिकोटा के दूसरे लॉन्च पैड से 9 बजे आईएसटी के लिए निर्धारित है।

एलवीएम3-एम3 इसरो का भारी लिफ्ट रॉकेट है। वनवेब को भारत की दूरसंचार प्रमुख भारती समूह का समर्थन प्राप्त है और 26 मार्च को उपग्रहों के सफल प्रक्षेपण के साथ, कंपनी अपने जनरल 1 समूह के वैश्विक पदचिह्न को पूरा कर लेगी।

वनवेब के पास अब कक्षा में 582 उपग्रह हैं। 26 मार्च को कुल संख्या 618 तक जाने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा था कि समूह को पूरा करके, वनवेब भारत सहित वैश्विक कवरेज प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। आगामी लॉन्च वनवेब के लिए 18वां लॉन्च होगा।

36 उपग्रहों का पहला बैच 23 अक्टूबर, 2022 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा रॉकेट पोर्ट से एलवीएम3 रॉकेट के साथ लॉन्च किया गया था, जिसे पहले जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल एमके3 (जीएसएलवी एमके3) के नाम से जाना जाता था।

वनवेब के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल ने पिछले अक्टूबर में कहा था कि इसरो की वाणिज्यिक शाखा, न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) ने 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के लॉन्च शुल्क के लिए दो चरणों में 72 उपग्रहों को लॉन्च करने के लिए वनवेब के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

# बतौर नेता पूरी तरह नाकाम हैं राहुल गांधी : टीएमसी



कोलकाता, 20 मार्च (एजेंसी)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता कुणाल घोष ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को पूरी तरह नाकाम राजनेता करार दिया है। घोष ने सोमवार को कहा कि राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में दो बार भाजपा का मुकाबला करने में असफल रहे हैं।

इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा था और कहा था कि अगर अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी विपक्ष का नेतृत्व करते हैं तो भाजपा की राह और आसान हो जाएगी। ममता की इस टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस ने ममता पर टीएमसी नेताओं को भ्रष्टाचार के मामलों में गिरफ्तारी से बचाने के लिए भाजपा के साथ डील करने का आरोप लगाया था।

टीएमसी प्रवक्ता घोष ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, राहुल गांधी राजनेता के तौर पर नाकाम साबित हुए हैं। दूसरे पार्टियां उन्हें नेता क्यों मानेंगी? वह 2014 और 2019 में दो बार केंद्र में भाजपा को हराने में असफल रहे हैं। जबकि टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने 2021 के बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने में कामयाबी हासिल की थी।

साथ ही घोष ने आरोप लगाया है कि भाजपा के खिलाफ लड़ाई में कांग्रेस गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा, वे (कांग्रेस) भाजपा के खिलाफ लड़ाई को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं हैं। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस, सीपीएम और भाजपा में गुप्त गठबंधन है। जबकि राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस दावा करती है कि वह भाजपा के खिलाफ लड़ रही है। यह कांग्रेस का दोहरा चरित्र है।

बता दें, टीएमसी ने साल 2024 के लोकसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। सागरदिघी उपचुनाव के नतीजे का जिक्र करते हुए बनर्जी ने कहा था कि बंगाल में कांग्रेस, सीपीएम और भाजपा का नापाक गठजोड़ चल रहा है। बता दें, सागरदिघी उपचुनाव में टीएमसी को कांग्रेस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

घोष की टिख्नपणी पर प्रतिक्रिया देते हुए पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि टीएमसी ईडी और सीबीआई से अपने नेताओं को बचाने के लिए भाजपा के साथ मिल गई है।

चौधरी ने कहा कि टीएमसी, भाजपा को खुश करने के लिए सब कुछ कर रही है, ताकि वह अपने नेताओं को भ्रष्टाचार के मामलों में गिरफ्तारी बचा सके।

कांग्रेस और राहुल गांधी को निशाना बनाना इसी रणनीति का हिस्सा है। यह टीएमसी में भाजपा के खिलाफ लड़ाई में विश्वसनीयता की कमी को दर्शाता है।

# भारतीय टीम को पहले भी पांच बार दस विकेट से मिली थी करारी हार



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में दस विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। यह पहली बार नहीं है जब भारतीय टीम की इतनी करारी हार हुई है। इससे पहले भी भारतीय टीम को पांच बार दस विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में भारतीय टीम 26 ओवरों में ही पेवेलियन लौट गयी थी। वहीं इसके बाद ऑस्ट्रेलिकयाई टीम ने 11 ओवरों में ही तय लक्ष्य हासिल कर लिया था। इससे पहले भारतीय टीम को गेंदों के लिहाज से भारत को सबसे बड़ी हार न्यूजीलैंड के खिलाफ हैमिलटन में 2019 में झेलनी पड़ी थी। तब न्यूजीलैंड टीम ने 212 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया था। इस तरह से भारतीय टीम छठी बार एकदिवसीय में 10 विकेट से हारी है। यह दूसरी बार है जब ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामन भारतीय बल्लेबाजी बेबस नजर आये। भारतीय टीम की इस हार में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिचेल स्टार्क का की अहम भूमिका रही। स्टार्क ने इस मैच में पांच विकेट लिए।

भारतीय टीम को इससे पहले 10 जनवरी 1981 में मेलबर्न के मैदान पर न्यूजीलैंड ने दस विकेट से हराया था। भारतीय टीम की दूसरी बड़ी हार 3 मई 1997 को ब्रिजटाउन में वेस्टइंडीज के खिलाफ हुई थी। इसके बाद टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शारजाह में 22 मार्च 2000 को बड़ी हार मिली थी। दक्षिण अफ्रीका से ही उसके चौथी बड़ी हार 25 नवंबर 2005 को ईडन गार्डंस में मिली थी। इसके बाद पांचवीं बड़ी हार 14 जनवरी 2020 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में मिली थी। अब तक न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज ने भारतीय टीम को एक-एक जबकि ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड ने दो-दो बार दस विकेट से हराया है।

# अलकाराज ने मेदवेदेव को हराकर परीबस ओपन जीता



**इंडियन वेल्स (एजेंसी)।** स्पेन के कार्लोस अलकाराज ने बीएनपी परीबस ओपन टेनिस खिताब जीत लिया है। अल्कराज ने खिताबी मुकाबले में रुस के दानिल मेदवेदेव को 6-3, 6-2 से हराया। इसी के साथ ही वह रैंकिंग में एक बार फिर नंबर एक स्थान पर पहुंच गये हैं। एटीपी टूर की रैंकिंग में वह दूसरे से पहले स्थान पर पहुंच गये हैं जबकि सर्बिया के नोवाक जोकोविच दूसरे स्थान पर फिसल गये हैं।

जोकोविच कोरोना टीकाकरण नहीं होने के कारण इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाये। वहीं महिल एकल में कजाकिसाृनि की एलेना रिबाकिना ने बेलरुस की एरिना सबालेंका को 7-6, 6-4 से हराकर खिताब अपने नाम किया। विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका की यह इस साल में दूसरी हार थी।

## उमरान अपनी रफ्तार का लाभ उठाएं, बल्लेबाजों में डर पैदा करें : ईशांत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने कहा है कि उमरान मलिक को अपनी रफ्तार से फायदा उठाते हुए विरोधी बल्लेबाजों को आंख बंद करने पर मजबूर कर देना चाहिये। वहीं अगर उमरान ऐसा नहीं कर पाते है तो ऐसे गति किस काम की है।

ईशांत ने कहा कि उस मानसिकता को उमरान में डालने की जरूरत है जिससे वह निडर होकर गेंदबाजी कर सकें। उन्हें उन्होंने कहा कि टीम प्रबंधन को उमरान को अपनी गति का अपने हिसाब से इस्तेमाल करने और उनपर भरोसा करने की आजादी देनी चाहिये। इस बात की चिंता नहीं होनी चाहिए कि उनकी गेंदों पर कितने रन बन रहे हैं। ईशांत ने कहा कि उमरान को बताया जाना चाहिए कि उन्हें बल्लेबाजों में डर पैदा करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, उन्हें इस बात की चिंता नहीं करनी चाहिए कि कहां गेंद डाल रहे हैं। लगातार गेंदबाजी के बाद उनकी लाइन व लेंथ आ जाएगी। अभी सबसे जरूरी चीज है कि वह तेजी से गेंदबाजी करें। अगर वह 150 से 160 की गति से भी गेंदबाजी कर सकते हैं तो करें। इससे प्रभाव नहीं पड़ा है कि कितने रन बन रहे हैं। उनका काम रन रोकना नहीं विकेट लेना है। जब तक दो बल्लेबाज तेजी से आती गेंद को देखकर आंख नहीं बंद कर लेते हैं तब तक स्पीड से कोई लाभ नहीं है। वहीं अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा कि उमरान को आगामी एकदिवसीय विश्व कप के लिए टीम में लिया जाना चाहिए। उन्हें यह सीखने की जरूरत है कि पुरानी और नई गेंद से कैसे गेंदबाजी की जाए। भारतीय टीम के पास अभी उनके जितनी तेज रफ्तार वाला दूसरा गेंदबाज नहीं है।

# न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को रौंदा, 2-0 से किया टेस्ट सीरीज पर कब्जा



**वेलिंगटन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को दो दिन में दूसरी बार ऑलआउट करते हुए सोमवार को दूसरा टेस्ट 58 रन से जीतकर दो मैचों की सीरीज क्लीन स्वीप कर ली। पहली पारी में 580 रन बनाने वाले न्यूज़ीलैंड ने श्रीलंका को 164 रन पर ऑलआउट कर दिया था। फॉलो ऑन करते हुए मेहमान टीम शानदार धैर्य और तकनीक का प्रदर्शन करने के बावजूद चौथे दिन 358 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका ने दिन की शुरुआत 113/2 के स्कोर से की। मेहमान टीम के पास चौथे दिन बल्लेबाजी करके मैच बचाने का मौका था, जबकि पांचवें दिन भारी बारिश के आसार थे।

कुसल मेंडिस (106 गेंद, 50 रन) और एंजलो मैथ्यूज़ (44 गेंद, 02 रन) दिन की शुरुआत में ही आउट हो गये, लेकिन दिनेश चांदीमल और धनन्जय डी सिल्वा की जोड़ी ने श्रीलंकाई पारी को संभाल लिया। चांदीमल और डी सिल्वा के बीच पांचवें विकेट के लिये 126 रन की साझेदारी हुई। चांदीमल 92 गेंद पर आठ चौकों की मदद से 62 रन बनाकर ब्लेयर टिकनर का शिकार हो गये, लेकिन डी सिल्वा क्रीज़ पर टिके रहे। उन्होंने अपना अर्द्धशतक पूरा करते हुए विकेटकीपर निशन मदुशंका (39) के साथ 76 रन की साझेदारी की। श्रीलंका मज़बूती के साथ दिन का समापन कर सकता था, लेकिन न्यूजीलैंड ने चाय से पहले और बाद में एक-एक विकेट चटकाकर मैच में वापसी कर ली।

टिकनर ने दूसरा सत्र समाप्त होने से ठीक पहले मदुशंका को आउट करके छठे विकेट की साझेदारी को तोड़ा, जबकि तीसरे सत्र की शुरुआत में डी सिल्वा शतक से दो रन दूर माइकल ब्रेसवेल का शिकार हो गये। डी सिल्वा ने 185 गेंद पर 12 चौकों और एक छक्के के साथ 98 रन बनाये। उनका विकेट गिरने के बाद श्रीलंका के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने मैच को ड्रॉ करवाने के लिये कई गेंदें खेलीं, लेकिन उनका प्रयास असफल रहा। प्रभात जयसूर्या करीब एक घंटे तक पिच पर समय बिताने के बाद 45 गेंद पर दो रन बनाकर आउट हो गये। न्यूजीलैंड जब जीत से सिर्फ दो विकेट दूर थी, तब कसुन रजिता और लाहिरू कुमारा ने आपस में करीब 16 ओवर खेलकर मेज़बान टीम को थकाने का काम किया। कीवी टीम ने रजिता (20) को आउट करने के लिये दो रिव्यू भी बर्बाद किये। आखिरकार उनकी 110 गेंद की पारी का अंत तब हुआ जब वह टिम साउदी की गेंद पर विलियम्सन को स्लिप में कैच दे बैठे। साउदी इससे पहले लाहिरू (45 गेंद, सात रन) को स्लिप में कैच आउट करवा चुके थे।

## साक्षी महिला विश्व मुक्केबाजी के क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**नई दिल्ली ।** भारत की साक्षी (52 किलो) ने कजाखस्तान की जजीरा उराबायेवा को 5.0 से हराकर सोमवार को महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। एशियाई चैम्पियनशिप 2021 की कांस्य पदक विजेता साक्षी ने अपने कद का पूरा फायदा उठाते हुए विरोधी मुक्केबाज पर जमकर मुक्के बरसाए। उसने उसे जवाबी हमले का मौका नहीं दिया। उसने जीत के बाद कहा, 'मैने उम्मीद से बेहतर खेला। वह अच्छी मुक्केबाज है और मुझे लगा कि करीबी मुकाबला होगा लेकिन मैं हावी रही।' दिन में प्रीति (54 किलो) अंतिम 16 का मुकाबला खेलेगी और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन 75 किलो के प्री क्वार्टर फाइनल में मेक्सिको की वेनेसा ओर्तिज से खेलेगी।

## इतनी जल्दी कोई एकदिवसीय मैच समाप्त नहीं होता : स्मिथ



**मुम्बई ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कार्यवाक कप्तान स्टीव स्मिथ ने दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में भारतीय टीम की करारी हार पर तंज कसते हुए कहा कि इतनी जल्दी भी कोई मैच नहीं समाप्त होता। यह मैच केवल 37 ओवरों में ही समाप्त हो गया था। इस मैच में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 26 ओवरों में ही आउट हो गयी थी। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 11 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया था। इस मैच में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के सामने टिक नहीं पायी थी। स्मिथ ने कहा, यह एक बहुत तेज मैच था। आमतौर पर 37 ओवर में कोई भी एकदिवसीय मैच खत्म नहीं होता है। नई गेंद से स्टार्क ने काफी अच्छी गेंदबाजी की। मुझे नहीं पता था कि विकेट ऐसा खेलने जा रहा है। मैंने अपने दिमाग में कोई लक्ष्य भी तय नहीं किया था। इस मैच में हम अपनी योजनाओं को अच्छी तरह से मैदान पर लागू कर पाए और सभी चीज़ें हमारे पक्ष में गईं। यह हमारा दिन था। इसके बाद मार्श और हेड ने हमें अच्छी शुरुआत दी जिससे भारतीय टीम को मैच में वापसी को कोई अवसर नहीं मिला। इस मैच में भारतीय टीम हर क्षेत्र में पीछे रही। पहले भारतीय बल्लेबाज रन नहीं बना पाये। इसके बाद गेंदबाज कोई विकेट नहीं ले पाये जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बड़े आराम से मैच जीत लिया।

# धोनी का यह अंतिम आईपीएल नहीं , आगे भी खेलेंगे: दीपक चाहर



**चेन्नई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16 वें सत्र के लिए अभी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी टीम के साथ अभ्यास में लगे हुए हैं। माना जा रहा है कि यह धोनी का अंतिम आईपीएल होगा। वहीं टीम के खिलाड़ियों ने उनके अभी संन्यास की अटकलों को खारिज कर दिया है। सीएसके के पूर्व और वर्तमान दोनों ही खिलाड़ियों का मानना है कि अभी धोनी आगे भी खेलेंगे। हाल में सुरेश रैना ने कहा था कि धोनी अगले आईपीएल के लिए भी फिट हैं। वहीं अब तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने भी कहा है कि यह धोनी का अंतिम आईपीएल नहीं है वह अभी आगे भी खेलते रहेंगे।

चाहर ने कहा कि अभी तक किसी ने नहीं कहा कि यह धोनी का अंतिम आईपीएल सत्र रहेगा। चाहर ने यह भी कहा कि स्वयं धोनी ने भी ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है। चाहर ने कहा, किसी ने नहीं कहा कि यह उनका आखिरी सत्र होगा। कम से कम, यह उनका आखिरी सीजन नहीं है। उम्मीद है कि वह और भी आगे तक खेलेंगे। हम ऐसी कोई बात नहीं जानते, हम चाहते हैं कि वह जितना खेल सके, खेलें। उन्होंने कहा, वह जानते हैं कि कब संन्यास लेना है, हमने यह तब देखा जब उन्होंने टेस्ट और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अचानक ही अपने संन्यास की घोषणा कर दी थी। कोई और नहीं जानता। मुझे उम्मीद है कि वह खेलना जारी रखेंगे, उनके नेतृत्व में खेलना सौभाग्य की बात है। उसके साथ खेलना एक सपना रहा है। वह अच्छी लय में भी है, आप आईपीएल में उनकी बल्लेबाजी में इस बात को देख सकेंगे। वहीं इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर शेन वॉटसन ने कहा था कि धोनी अगले 3-4 साल तक आईपीएल खेलने के लिए काफी फिट हैं। उन्होंने कहा कि सीएसके के कप्तान के पास अभी भी बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग कौशल है। उन्होंने यह भी कहा कि धोनी एक कारण है कि सीएसके एक सफल फ्रेंचाइजी है।

## मैनचेस्टर युनाइटेड एफए सेमीफाइनल में , आर्सनल को ईपीएल में बढत

**मैनचेस्टर ।** फुल्हम 'एफए कप फुटबॉल' में मैनचेस्टर युनाइटेड के खिलाफ बड़े उलटफेर की ओर बढ रही थी लेकिन दूसरे हाफ में सात मिनट के भीतर उसे नौ खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, उसके मैनेजर को बाहर किया गया और उसने दो गोल गंवा दिये। युनाइटेड ने 3 . 1 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बना ली। उसका सामना फाइनल में मैनचेस्टर सिटी से हो सकता है क्योंकि दोनों को अलग अलग सेमीफाइनल खेलने हैं। दूसरी ओर एफए कप से बाहर हुई आर्सनल की नजरें अब 19 साल में पहले प्रीमियर लीग खिताब पर लगी हैं। उसने क्रिस्टल पैलेस को 4 . 1 से हराकर अपनी बढत पुख्ता कर ली। उसने लीग में लगातार छह मैच जीते हैं हालांकि अभी उसका सामना मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल से होना बाकी है।

# यूपी ने रोमांचक मुकाबले में गुजरात को 3 विकेट से हराया



**मुम्बई (एजेंसी)।** यूपी वॉरियर्स ने ग्रेस हैरिस (41 गेंद, 72 रन) और ताहलिया मैकग्रा (38 गेंद, 57 रन) के विस्फोटक अर्द्धशतकों की बदौलत विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सोमवार को गुजरात जायंट्स को चार विकेट से हराकर प्लेऑफ के लिये क्वालीफाई कर लिया। जायंट्स ने करो या मरो मुकाबले में दयालन हेमलता (57) और एशले गार्डनर (60) के अर्द्धशतकों की मदद से 178 रन बनाये। वॉरियर्स ने 179 रन का लक्ष्य 19.5 ओवर में हासिल करके जायंट्स को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

जायंट्स को शुरुआती झटके लगने के बाद हेमलता और गार्डनर ने चौथे विकेट के लिये 108 रन की साझेदारी करके टीम को संकट से निकाला। हेमलता ने 33 गेंद पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 57 रन बनाये, जबकि गार्डनर ने 39 गेंद पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 60 रन बनाकर जायंट्स को दमदार स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए वॉरियर्स ने भी तीन विकेट जल्दी गंवा दिये लेकिन हैरिस-मैकग्रा की जोड़ी एक बार फिर टीम को बचाने के लिये आगे आयी और चौथे विकेट के लिये 78 रन जोड़े।

वॉरियर्स ने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले इन दोनों बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिये, हालांकि उसे आखिरी ओवर में जीत के लिये सात रन की जरूरत थी। सोफी एकलेस्टन (19 नाबाद) ने पहली चार गेंद पर पांच रन लेने के बाद पांचवीं गेंद पर चौका जड़कर वॉरियर्स को यादगार जीत दिलाई। वॉरियर्स ने सात मैच में आठ अंक के साथ डब्ल्यूपीएल तालिका में तीसरे स्थान पर है और उसने प्लेऑफ के लिये क्वालीफाई कर लिया है। जायंट्स ने आठ मैच में सिर्फ दो जीत के साथ अपना अभियान समाप्त किया, जबकि उसकी इस हार के साथ रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (सात मैच, चार अंक) भी टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है।

## जेहान दारूवाला ने दोनों रेस में पोडियम पर जगह बनाई

**जेद्दा ।** भारत के जेहान दारूवाला ने फार्मूला 2 चैम्पियनशिप के सऊदी अरब राउंड में दोनों रेस में शीर्ष तीन में जगह बनाई। डच टीम एमपी मोटरस्पोर्ट के ड्राइवर जेहान शनिवार को स्प्रिंट रेस में पांचवें से तीसरे स्थान पर पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने फीचर रेस में भी पोडियम पर जगह बनाई। वह दोनों रेस में शीर्ष तीन में रहने वाले अकेले ड्राइवर रहे। अब फार्मूला 2 चैम्पियनशिप 31 मार्च से दो अप्रैल तक आस्ट्रेलिया में होगी जहां मेलबर्न के अलबर्ट पार्क पर पहली बार रेस आयोजित की जा रही है।

## तुर्की में ट्रेनिंग लेंगे ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा, खास स्कीम के जरिए मिलेगा प्रशिक्षण

**नयी दिल्ली ।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा 61 दिनों तक तुर्की के ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना में प्रशिक्षण लेंगे जिसके खर्च का वहन टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के जरिये होगा। खेल मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस 25 बरस के इस खिलाड़ी ने पिछले साल भी यहीं अभ्यास किया था। मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, '' युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने 16 मार्च को ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना, तुर्की में 61 दिनों की अवधि के लिए प्रशिक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।'' उन्होंने कहा, '' टॉप्स की ओर से जारी राशि में नीरज, उनके कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और उनके फिजियोथेरेपिस्ट का हवाई किराया, रहने और खाने का खर्च, चिकित्सा बीमा और स्थानीय परिवहन लागत शामिल होगी।'' एमओसी सदस्यों ने बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत और विश्व जूनियर चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता शंकर मुथुसामी और बधिर ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता गोल्फ खिलाड़ी दीक्षा डागर को वित्तीय सहायता प्रदान करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी। वित्तीय सहायता में गोल्फ के उपकरण की खरीद और दीक्षा के लिए एक व्यक्तिगत कोच, फिटनेस और पोषण प्रशिक्षक की नियुक्ति शामिल है। इसमें स्विस ओपन, स्पेन मास्टर्स और ऑरलियन्स मास्टर्स में राजावत की भागीदारी और ओरलेन पोलिश ओपन और स्लोवेनिया योनेक्स ओपन में शंकर की भागीदारी पर होने वाला खर्च शामिल है।



# स्विस ओपन आज से , सिंधु के साथ ही प्रणय से रहेंगी उम्मीदें




**बासेल (एजेंसी)।** भारत की महिला बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु मंगलवार से यहां शुरू हो रहे स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत के साथ अपनी अभियान की शुरुआत करना चाहेंगी। वहीं गत वर्ष उपविजेता रहे एच एस प्रणय को भी पुरुष एकल में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। प्रणय यहां पहले दौर में चीन के शि युकी का मुकाबला करेंगे।

प्रणय का प्रदर्शन पिछले कुछ समय में एकल वर्ग में अच्छा रहा है हालांकि सिंधु और लक्ष्य सेन का प्रदर्शन उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है। फिट नहीं होने के कारण लंबे समय तक कोर्ट से दूर रहने के बाद सिंधु ने अपना कोच भी बदल दिया है। वह पिछले सप्ताह हुए टूर्नामेंट में चीन की झांग यि मान से हारकर पहले दौर में ही बाहर हो गई थी। सिंधु को यहां पहले दौर में स्थानीय खिलाड़ी जेंजिरा स्टाडेलमान से खेलना है। वहीं मलेशिया और इंडिया ओपन में शुरूआती दौर से बाहर हुए लक्ष्य ने गत सप्ताह चोउ तियेन चेन को पराजित किया था पर इसके बाद उन्हें डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। यहां लक्ष्य का सामना हांगकांग के ली चेयुक यू से होगा।

वहीं भारत के ही किदाम्बी श्रीकांत चीन के 23 वर्ष के वेंग होंग यांग के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलेंगे। वहीं त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की युगल जोड़ी का मुकाबला पहले दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त अप्रियानी राहायू और सिति फाडिया सिल्वा रामाधंती से होगा। त्रिसा और गायत्री इससे पहले ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन के सेमीफाइनल में पहुंची थीं जबकि पुरुष वर्ग में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सामना क्वालीफायर मुकाबले की विजेता जोड़ी से होगा।

# कर्नाटक में कांग्रेस करेगा बीजेपी का सूपड़ा साफ : राहुल गांधी



बेलगावी (कर्नाटक), 20 मार्च (एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कर्नाटक की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर 40 प्रतिशत कमीशन सरकार होने का आरोप लगाया और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के सभी नेता मिलकर चुनाव लड़ेंगे और भाजपा का सूपड़ा साफ किया जाएगा।

उन्होंने यहां एक जनसभा में युवाओं से वादा किया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर 10 लाख रोजगार का सृजन होगा और खाली पड़े ढाई लाख सरकारी पदों को भरा जाएगा।

कांग्रेस नेता ने यह दावा भी किया कि कर्नाटक के सभी लोगों का कहना है कि बसवराज बोम्मई के नेतृत्व वाली सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है और लोग भाजपा को सत्ता से हटाना चाहते हैं।

राहुल गांधी ने कहा, यह देश सबका है, दो तीन चुने हुए लोगों का नहीं है, अडाणी जी का नहीं है। यह देश किसानों, गरीबों और मजदूरों का है।

उन्होंने दावा किया, कर्नाटक के युवाओं ने हमें कुछ संदेश दिया। पहला यह कि इस प्रदेश में युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता, प्रदेश की सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे सकतीयहां सब लोगों ने कहा कि कर्नाटक की सरकार देश में सबसे भ्रष्ट सरकार है, यह 40 प्रतिशत कमीशन सरकार है। यहां कुछ भी काम करवाना है, 40 प्रतिशत कमीशन देना होता है।

उन्होंने कहा, भाजपा के एक विधायक के बेटे को पकड़ा गया जिसके पास से आठ करोड़ रुपये बरामद हुए।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया, मैंने संसद में अडाणी जी के बारे में भाषण दिया कि सारे उद्योग उनके हवाले किए जा रहे हैं। यही काम कर्नाटक में हो रहा है। चुने हुए लोगों, जो भाजपा सरकार के मित्र हैं, पूरा फायदा दिया जाता है।

कांग्रेस नेता ने दावा किया, सरकार बनने पर हर स्नातक युवा को दो साल के लिए तीन हजार रुपये मासिक दिए जाएंगे, डिप्लोमाधारी युवाओं को दो साल साल के लिए हर महीने 1500 रुपये प्रदान किए जाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की सरकार 10 लाख युवाओं को पांच साल के भीतर रोजगार देगी, ढाई लाख सरकारी रिक्तियों को भरा जाएगा।

उन्होंने महिलाओं और गरीब परिवारों के लिए भी वादे किए।

राहुल गांधी ने कहा था कि सरकार को एससी-एसटी आरक्षण को बढ़ाने वाला पूरा करना चाहिए।

उन्होंने कहा, हम साथ चुनाव लड़ेंगे, सब मिलकर लड़ेंगे और कांग्रेस इस चुनाव में भाजपा सरकार का सूपड़ा साफ करेगी क्योंकि भाजपा सरकार 40 प्रतिशत कमीशन की सरकार हैजनता इस सरकार को हटाना चाहती है। भाजपा को हम मिलकर हराएंगे।

राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा, इस यात्रा ने देश को भाईचारे का संदेश दिया है। लाखों लोगों ने नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें खोलीं। यही हमारा हिंदुस्तान है।

कर्नाटक में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होना है।

# देश को संदेश देगा कर्नाटक चुनाव : खड़गे



बेलगावी (कर्नाटक), 20 मार्च (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि कर्नाटक में आगामी विधानसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यह पूरे देश को संदेश देगा।

खड़गे ने युवा सम्मेलन 'युवा क्रांति समावेश' को संबोधित करते हुए कहा, हमें सामूहिक रूप से चुनाव का सामना करने की जरूरत है। बेलगावी पवित्र भूमि है। एआईसीसी का 39वां सत्र 1924 में यहां हुआ था, जो महात्मा गांधी की अध्यक्षता वाला एकमात्र सत्र था।

यह कहते हुए कि बेलगावी में 18 में से 15-16 निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस जीत दर्ज करती थी, खड़गे ने कहा कि वर्तमान परिआंश्य को देखते हुए, पार्टी इस बार जिले की सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी। राज्य ने कभी भी इतने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार नहीं किया है, जैसा कि अब देख रहा है। अमित शाह ने ठेकेदार संघों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच के आदेश क्यों नहीं दिए? राहुल गांधी के 46 दिन पहले कश्मीर में दिए गए बयान को लेकर उनके आवास पर पुलिस भेजी गई है। कर्नाटक में सबूत देने के बाद भी जांच के आदेश नहीं दिए गए।

उन्होंने दावा किया कि राज्य और केंद्र टेंडर के लिए दोगुनी रकम कोट कर रहे हैं और दोनों पर 40 फीसदी कमीशन ले रहे हैं। खड़गे ने कहा- पीएम मोदी ने बेलगावी की अपनी यात्रा के दौरान मेरे बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था कि मेरा रिमोट कंट्रोल किसी और के पास है। क्या आप बता सकते हैं कि बीजेपी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का रिमोट कंट्रोल किसके पास है? अगर राहुल गांधी संसद में अडानी के बारे में सवाल पूछते हैं, तो सवाल हटा दिए जाते हैं। देश में लोकतंत्र नहीं है, लेकिन जातिवाद है। क्या यह कहना गलत है कि देश में जातिगत भेदभाव है।

खड़गे ने कहा- यह कित्तूर चेन्नम्मा, सांगोली रायन्ना और बेलवाडी मल्लम्मा की भूमि है। यह बहादुर लोगों की भूमि है, और उन्हें ईडी या सीबीआई से नहीं हराया जा सकता है। राहुल गांधी बीजेपी की धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। वो हमें चाहे जितना सताएं, हम हर चीज के लिए तैयार हैं। भाजपा हमें कितना भी दफनाने की कोशिश करे, हम बीज की तरह हैं और हम बार-बार जन्म लेंगे।

# 'ब्लूग्रास म्यूजिक' पर चार दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**अनुगामिनी नि.सं.**

पाकिम, 20 मार्च। द पाकिम म्यूजिक इंस्टीट्यूट द्वारा राज्य संस्कृति विभाग के सहयोग से आज स्थानीय कम्युनिटी हॉल में 'ब्लूग्रास म्यूजिक' पर चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा 'ब्लूग्रास जर्नीमेन' का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ताशी चोफेल ने पाकिम म्यूजिक इंस्टीट्यूट को जिले में एक शानदार कार्यक्रम की मेजबानी हेतु बधाई दी।

जानकारी के अनुसार, चार दिवसीय कार्यशाला में संगीतिक सांस्कृतिक आदान-प्रदान और कला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन होगा। इसमें दुनिया भर के कलाकार, शिक्षक और संगीतकार उपस्थित रहेंगे। सरकारी स्कूलों के बच्चों पर ध्यान केंद्रित करने हेतु इस आयोजन की योजना बनाई गई है। उल्लेखनीय है कि द ब्लूग्रास जर्नीमेन पारम्परिक अमेरिकी ब्लूग्रास संगीत को दुनिया के सामने पेश करने के उद्देश्य से अनुभवी संगीतकारों का समूह है। इसके हरेक सदस्य विभिन्न प्रकार के बैंडों में प्रदर्शन करता है।

# लोकसभा में राहुल गांधी के बोलने के लि मंगलवार का समय मांगा है : खड़गे



नई दिल्ली, 20 मार्च (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी लोकसभा में अपनी बात रख सकें, इसके लिए मंगलवार का समय मांगा गया है।

उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी की एक टिप्पणी को लेकर दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के आवास पर पहुंचने को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, सरकार असली मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहती है। यात्रा को पूरा हुए 46 दिन हो गए और वे अब पूछ रहे हैं कि आप किससे मिले थे? लाखों लोग इस यात्रा से जुड़े और उनसे (राहुल गांधी) मुलाकात की। अब कहा जा रहा है कि आप मिलने वालों की पहचान करिये।

खड़गे के अनुसार, राहुल गांधी ने संबंधित टिप्पणी जम्मू-कश्मीर की है और पुलिस इस बारे में यहां पूछ रही है।

उन्होंने दावा किया, यह परेशान करने की कोशिश है। वे धमकाकर हमें कमजोर करना चाहते हैं, लेकिन हम डरने और कमजोर होने वाले नहीं हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी सोमवार को संसद में बोलेंगे तो खड़गे ने कहा, कल के लिए समय मांगा है। अगर बोलने की अनुमति मिलती है तो जरूर बोलेंगे। बोलने के लिए ही तो हम प्रयास कर रहे हैं। लोकतंत्र में अगर बोलने नहीं देते हैं, मुश्किल होती है।

उनका कहना था, (सत्तापक्ष) संसद में बोलने नहीं देता, माइक बंद कर दिया जाता है, फिर वो लोग हम पर लांछन लगाते हैं। एक व्यक्ति अपना निजी स्पष्टीकरण देना चाहता है तो उन्हें मौका नहीं दिया जा रहा है।

राहुल गांधी सोमवार को कर्नाटक और केरल के दौरे पर हैं। कर्नाटक के बेलगावी में वह जनसभा को संबोधित करेंगे तो केरल में एक अन्य कार्यक्रम में शामिल होंगे।

संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत से ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भारत के लोकतंत्र के बारे में लंदन में दिए गए बयान पर माफी मांगने की मांग पर अड़े हुए हैं।

रविवार को राजधानी में तुगलक लेन स्थित गांधी के आवास पर दिल्ली पुलिस के उच्चाधिकारी उनसे जानकारी लेने गये थे।

# एसडीएफ की हेलमेट रैली का एचएसपी ने किया समर्थन

**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 20 मार्च। राज्य में बढ़ती हिंसा के बारे में आमलोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विपक्षी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) पार्टी की हेलमेट रैली का हाम्रो सिक्किम पार्टी (एचएसपी) ने अपना समर्थन देने का फैसला किया है।

एचएसपी की ओर से इसकी जानकारी देते हुए कहा गया है कि हाल के दिनों में राज्य में विपक्षी दलों के लोगों के खिलाफ हिंसक घटनाएं बढ़ी हैं, जो लोकतंत्र पर सीधा हमला है। वहीं इन हमलों के कई सीसीटीवी फुटेज और वीडियो प्रमाण उपलब्ध होने के बावजूद पुलिस कोई गिरफ्तारी करने में विफल रही है। इसके कारण हिंसा करने वालों के हौसले बुलंद हुए हैं और अब समय आ गया है कि सरकार ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे।

एचएसपी ने आगे कहा, वहीं राज्य की मौजूदा स्थिति के बीच सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट ने लोकतंत्र रक्षा और कानून का शासन बनाये रखने के उद्देश्य से हेलमेट रैली का आयोजन कर हिंसा के खिलाफ एक साहसिक कदम उठाया है। इसमें पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक हेलमेट पहने हुए गंगटोक की सड़कों से गुजरते हुए दिखाई दिए। ऐसे में राज्य एवं यहां के लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हाम्रो सिक्किम पार्टी भी हिंसा के खिलाफ इस लड़ाई में एसडीएफ के साथ खड़े होने का फैसला किया है। इसके साथ ही एचएसपी ने राज्य सरकार से यह सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया है कि भविष्य में हिंसा की ऐसी घटनाएं न हों। साथ ही पार्टी शीघ्र कार्रवाई कर दोषियों को सजा दिलाने की भी मांग करती है।

# पंजाब सरकार 'निर्दोष' सिख युवकों की गिरफ्तारी करना बंद करे : एसजीपीसी प्रमुख

अमृतसर, 20 मार्च (एजेंसी)। कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के बीच शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने सोमवार को पंजाब सरकार से कहा कि वह निर्दोष सिख युवकों की गिरफ्तारी करना बंद कर दे।

शीर्ष गुरुद्वारा निकाय ने पिछले कुछ दिनों से राज्य में सिख युवकों के खिलाफ पुलिस द्वारा किए जा रहे अत्याचारों की भी कड़ी निंदा की।

पंजाब पुलिस ने शनिवार को अमृतपाल के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की थी और उसके संगठन 'वारिस पंजाब दे' के सदस्यों सहित 112 लोगों को अब तक गिरफ्तार किया है।

एसजीपीसी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने यहां एक बयान में कहा, पंजाब में जानबूझकर निर्दोष सिख युवकों को निशाना बनाना सही नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया, बिना किसी आरोप के मनगढ़ंत कहानियां बनाकर युवाओं को गिरफ्तार करना राज्य के हित में नहीं है। पंजाब ने कई युग देखे हैं और यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य की वर्तमान सरकार ने स्थिति में एक और अध्याय जोड़ दिया है।

उन्होंने दावा किया कि पंजाब के सिख युवाओं ने न केवल राज्य, बल्कि देश और दुनिया की प्रगति में योगदान दिया है।

धामी ने कहा, लेकिन, दुख की बात है कि सिख युवकों को बार-बार शक की निगाह से देखा जाता है। पंजाब की वर्तमान सरकार भी ऐसी ही गलती कर रही है।

# कांग्रेस ने किया कर्नाटक में बेरोजगार स्नातकों को 3,000 रुपये भत्ता देने का वादा



बेलगावी (कर्नाटक), 20 मार्च (एजेंसी)। कांग्रेस ने सोमवार को कर्नाटक में एक बड़ी घोषणा की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा कि सत्ता में आने पर कर्नाटक में बेरोजगार स्नातकों को 3,000 रुपये भत्ता दिया जाएगा।

बेलगावी में सोमवार को युवा क्रांति सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने बेरोजगार डिप्लोमा धारकों के लिए 1500 रुपये भत्ता देने की भी घोषणा की। भत्ता दो साल के लिए प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस सरकार राज्य में 10 लाख नौकरियां देगी। राहुल गांधी ने आगे कहा कि कर्नाटक में उनकी पार्टी की सरकार 2.50 लाख रिक्त पदों को भी भरेगी जो खाली हैं।

राहुल गांधी ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा के दौरान, महिलाओं ने अपने कष्टों को सामने रखा है। गृह लक्ष्मी योजना के तहत, प्रत्येक महिला गृहस्वामी को वादे के अनुसार 2,000 रुपये भत्ता मिलेगा और गरीब परिवारों को 10 किलोग्राम चावल मुफ्त दिया जाएगा। गृह ज्योति योजना के तहत कांग्रेस पार्टी ने हर घर को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का फैसला किया है।

राहुल गांधी ने कहा, सरकार को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण 15 से बढ़ाकर 17 प्रतिशत और जनजाति के लिए तीन से सात प्रतिशत करने की प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए। हमें भ्रष्ट बीजेपी से लड़ने के लिए एकजुट होना चाहिए और बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंकना चाहिए। आप जहां कहेंगे मैं वहां आऊंगा। हम सभी को बीजेपी को हराना चाहिए।

राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा को याद किया और अभूतपूर्व समर्थन देने के लिए कर्नाटक के लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने जोर देकर कहा, यह देश सभी का है। यह एक या दो व्यक्तियों का नहीं है। देश किसानों, युवाओं और गरीबों का है।

राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में 40 फीसदी कमीशन और भ्रष्टाचार के बारे में लिखे गए पत्रों का पीएम ने जवाब नहीं दिया है। कर्नाटक साबुन और डिटर्जेंट लिमिटेड (केएसडीएल) घोटाले के सिलसिले में जब एक विधायक के बेटे को रंगे हाथों पकड़ा गया और 8 करोड़ रुपये बरामद किए गए तब सरकार ने विधायक का बचाव किया था।

उन्होंने कहा कि पीएसआई, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट इंजीनियर की भर्ती में घोटाला हुआ है। लाखों युवा इसकी शिकायत कर रहे हैं।

# सिक्किम सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ का विचार सत्र सम्पन्न



**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 20 मार्च। सिक्किम सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ के कार्यों, ढांचागत स्थिति, आर्थिक प्रदर्शन एवं दुग्ध किसानों के नेटवर्क आदि विषयों पर आज यहां राज्य के पशुपालन व पशु चिकित्सा सचिव सह सिक्किम दुग्ध उत्पादक संघ के प्रबंध निदेशक डा पी सेंथिल कुमार की अध्यक्षता में एक विचार सत्र का आयोजन हुआ। इसमें राज्य के सप्ताहव्यापी दौरे पर आई विश्व बैंक की सलाहकार टीम ने मुख्य रूप से भाग लिया। उनके अलावा कार्यक्रम में सिक्किम मिल्क यूनियन की महाप्रबंधक सुश्री केसांग और अन्य अधिकारीगण भी शामिल रहे।

गौरतलब है कि सिक्किम पशुपालन व पशु चिकित्सा सेवा विभाग और सिक्किम सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ राष्ट्रीय डेयरी सहायता परियोजना (एनडीपी-2) के तहत सहायता प्राप्त करने हेतु प्रयासरत हैं। इसके तहत राष्ट्रीय नोडल एजेंसी एनडीडीबी वर्तमान में प्रस्तावित एनडीपी-2 के लिए परियोजना कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) तैयार कर रही है जिसके तहत परियोजना प्रक्रिया के समर्थन एवं विपणन रणनीतियों की रूपरेखा पर अध्ययन हेतु विश्व बैंक ने भारतीय प्रबंधन संस्थान-लखनऊ (आईआईएम-एल) से अनुबंध किया है। इस अध्ययन का नेतृत्व आईआईएम-एल के कृषि व्यवसाय प्रबंधन प्रोफेसर डॉ संजीव कपूर करेंगे।

इसी कड़ी में विश्व बैंक सलाहकारों की एक टीम फिलहाल अपने सप्ताहव्यापी सिक्किम दौरे पर है। इसमें आईआईएम-एल के कृषि व्यवसाय प्रबंधन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ कुशांकुर दे, शोधकर्ता श्याम कुमार और प्रोजेक्ट प्रोफेशनल टूना राउत शामिल हैं।

आज विश्व बैंक सलाहकारों की उपस्थिति में हुए कार्यक्रम की शुरुआत में आईआईएम-एल की टीम ने राष्ट्रीय डेयरी योजना की पृष्ठभूमि के बारे में बताते हुए कहा कि सिक्किम में सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ के प्रदर्शन को देखते हुए एनडीपी-2 के तहत समर्थन हासिल करने की पूरी क्षमता है। इस सम्बन्ध में संघ से सम्बंधित विभिन्न जानकारी मांगी गई हैं जिससे कि भारत सरकार और विश्व बैंक को अपनी सिफारिश की जा सके। वहीं बैठक में दूध खरीद, प्रसंस्करण और विपणन के विभिन्न पहलुओं और मौजूदा स्तरों और प्रणालियों में सुधार के अवसर पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर डॉ पी सेंथिल कुमार ने कहा कि पश्चिम सिक्किम में जैविक दुग्ध उत्पादन केंद्र विकसित करने का अवसर है, जिसे कुछ चुनिंदा समूहों में किया जा सकता है।

इस कड़ी में वहां एक चयनित क्लस्टर पर ध्यान केंद्रित किये जाने, सभी घटकों को एकीकृत करने और सभी इनपुट आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु पूरी मूल्य श्रृंखला को एकीकृत करने पर जोर दिया गया। वहीं केंद्र सरकार और विश्व बैंक के अधिकारियों ने सिक्किम डेयरी क्षेत्र के समग्र प्रदर्शन पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि इसे पूर्वोत्तर राज्यों में एनडीपी-2 के तहत विचार करने हेतु चुना गया है।


**डियर साप्ताहिक लॉटरी**
**दक्षिण 24 परगना निवासी ने ₹1 करोड़ जीते**



दक्षिण 24 परगना, पश्चिम बंगाल के श्री तपन कुमार जाना ने 07.02.2023 को सम्पन्न हुए डियर साप्ताहिक लॉटरी के ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार के तौर पर रु. 1 करोड़ जीते हैं। उनकी विजेता टिकट का नंबर 45B 50854 है। उन्होंने नागालैंड स्टेट लॉटरीज के पास प्राइज क्लेम फॉर्म के साथ अपनी पुरस्कार-विजेता टिकट जमा कर दी है। "सबसे पहले, मुझे एक करोड़पति बनाने के लिए मैं डियर लॉटरी तथा नागालैंड स्टेट लॉटरीज को धन्यवाद देना चाहता हूं। डियर लॉटरी टिकटें खरीदने के अलावा एक पारदर्शी तरीके से अपनी किस्मत आजमाने का दूसरा और कोई रास्ता नहीं है। राज्य सरकार द्वारा संचालित होने के कारण हम डियर लॉटरी पर विश्वास कर सकते हैं। हम यह भी देख सकते हैं कि काफी सारे लोग डियर लॉटरी के माध्यम से करोड़पति बन रहे हैं।" विजेता ने कहा।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक : सत्येन्द्र नाथ सिंह एवं मुद्रक: नूतन वर्मा द्वारा प्राइम प्रिंटर्स, प्रिमुला कॉटेज, चर्च रोड, गंगटोक से मुद्रित एवं रतना निवास, मेट्रो प्वाइंट, नेशनल हाईवे 10, गंगटोक (पूर्व सिक्किम) से प्रकाशित।
सम्पादक - सत्येन्द्र नाथ सिंह, कार्यकारी सम्पादक - अश्विनी आनंद, मोबाइल नं. : 9474355832, 9609024017, फोन नं. : 03592-204174, पोस्टल रजि. सं. : WB/SKM/110/07-09, e-mail ID : anugamini@gmail.com